मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

भोपाल
रविवार 27 अप्रैल 2025
■ वर्षः 30 ■ अंकः 120
■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

## कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त तक होगी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून और अगस्त के बीच होगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को आवेदन के लिए वेबसाइट खोल दी है। यात्रियों का सिलेक्शन जेंडर बैलेंस्ड आधारित होगा, जिससे सभी आवेदकों को समान मौका मिल सके। विदेश मंत्रालय कैलाश मानसरोवर यात्रा ऑर्गेनाइज करता है। इस साल यह यात्रा दो रास्तों से होगी।

### चुपके-चुपके

## लगता है छोटे सरकार का लग गया जुगाड़

देश की सबसे पुरानी पार्टी के एक पूर्व सांसद और पूर्व विधायक जिस तरह अपनी पार्टी के ही खिलाफ लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं, उससे उनकी पार्टी मुख्यालय पर यह चर्चा होने लगी है कि लगता है छोटे सरकार का दूसरी पार्टी में जुगाड़ लग गया है। खबरची का कहना है कि माननीय एक राज परिवार से संबंधित हैं और पूर्व में देश की सबसे बड़ी पार्टी से सांसद रह चुके हैं। जिस तरह वे अपनी वर्तमान पार्टी पर हमलावर हैं, उसको देखते हुए अब उन्हीं की पार्टी के लोग कहने लगे हैं कि लगता है वे अपनी पूर्व पार्टी की संस्कृति को हमारे यहां थोपना चाहते हैं। वहीं सूत्रों का कहना है कि छोटे सरकार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की भी तैयारी हो रही है।

-खबरची

### फटाफट खबरें

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत

**सहारनपुर, ईएमएस।** यूपी के सहारनपुर के देवबंद में शनिवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि घटना के वक्त फैक्ट्री के अंदर 10 से ज्यादा लोग मौजूद थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरी बिल्डिंग ढह गई। शवों के चीथड़े 100 से 150 मीटर दूर तक जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के समय ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो।

## पिकअप ने 11 लोगों को कुचला, 7 मरे

**नूंह, ईएमएस।** हरियाणा के नूंह में शनिवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार पिकअप ने 11 लोगों को कुचल दिया, जिसमें 6 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में 4 महिलाएं गंभीर घायल हैं। हादसा इतना भयानक था कि कई शवों के 2 टुकड़े हो गए। ये सभी एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम करने आए थे। मरने वालों में 4 महिलाएं एक ही परिवार की थीं। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। सूचना के बाद फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और

## कनाडा में मंदिर और गुरुद्वारे में तोड़फोड़

**अमृतसर, ईएमएस।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों - लक्ष्मी नारायण मंदिर (सरे) और रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा (वैंकूवर) में 19 अप्रैल की सुबह-सुबह तोड़फोड़ की गई। ये घटनाएं सुबह करीब 3 बजे हुईं। अब सरे पुलिस सेवा (एसपीएस) और वैंकूवर पुलिस विभाग (वीपीडी) ने इन घटनाओं को अंजाम देने वालों की सीसीटीवी तस्वीरें जारी की हैं। स्थानीय पुलिस ने जनता से अपील की है कि इस मामले से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी उन्हें तुरंत दी जाए।

### आज का कार्टून




### मनमानी...न मंत्री, न विधायक फिर भी बड़े-बड़े बंगलों पर कुंडलीमार कर बैठे माननीय...इधर

# छह महीने से बेघर प्रदेश के मुख्य सचिव

### सांसद की पात्रता से मिले बंगले को विधायक रमाकांत भार्गव के खाली करने का इंतजार



● **भोपाल, ईएमएस**

वाकई मप्र अजब है गजब है। मप्र में जहां एक ओर अपात्र माननीय यानी जो न मंत्री हैं, न विधायक हैं वे बड़े-बड़े सरकारी बंगले में रह रहे हैं, वहीं प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया को 6 महीने में एक अदद सरकारी बंगला नहीं मिल पाया है। मप्र से लेकर केंद्र सरकार में बड़ी और अहम जिम्मदारी संभाल चुके 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन जब मप्र के 35वें मुख्य सचिव बने तो लगा था कि शासन-प्रशासन उन्हें हाथों- हाथ लेंगे। लेकिन विडंबना यह है कि जैन को पदभार संभाले 6 माह हो गए हैं, लेकिन अभी तक वे बेघर हैं। गौरतलब है कि मुख्य सचिव अनुराग जैन फिलहाल रेस्ट हाउस में रह रहे है। लंबे समय बाद मुख्य सचिव के लिए जिस बंगले को आवंटित किया गया, वह चार इमली स्थित बी-4 बंगला है। इसमें में बुधनी के विधायक रमाकांत भार्गव रह रहे है। मुख्य सचिव को यही आवास आवंटित किया गया है। सरकार ने रमाकांत भार्गव को नोटिस भेज इस बंगले को जल्द खाली करने के लिए कहा है। वहीं रमाकांत को विधायक विधानसभा पूल से दूसरा आवास आवंटित किया गया है। रमाकांत भार्गव ने अभी तक बंगला खाली नहीं किया है।

### 3 अक्टूबर को संभाला था कार्यभार

30 सितंबर 2024 को अनुराग जैन को प्रदेश का मुख्य सचिव बनाया गया था । उन्होंने 3 अक्टूबर को पदभार संभाला था। छह महीने बीतने के बावजूद प्रदेश का शीर्ष अफसर आज भी सरकारी निवास की प्रतीक्षा में है। यह न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस तरह सत्ता के समीकरणों में नियम-कानून ताक पर रख दिए जाते हैं। मुख्य सचिव जैसे पद के साथ इस तरह का ढुलमुल रवैया नौकरशाही में अनुशासन और व्यवस्था के लिहाज से बेहद चिंताजनक है। यह प्रशासनिक विफलता है, एक खतरनाक संदेश यह भी जा रहा है कि मुख्य सचिव को आवास आंवटित होने के बाद भी सरकार बंग्ले को खाली नहीं करा पाई। वहीं मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के बीच समन्वय को लेकर मंत्रालय में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### नहीं मिल रहा फ्री हैंड

अनुराग जैन मप्र एवं केन्द्र में अपनी कर्तव्य निष्ठा के रुप में उनकी पहचान है। उन्होंने केन्द्र में पीएमओ, परिवहन मंत्रालय एवं अन्य विभागों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया है। मप्र के मुख्य सचिव के रुप में जो आशा की जा रही थी, उसके अनुसार उन्हें शायद फ्री हैंड नहीं मिला है। जिसकी चर्चा मंत्रालय में होने लगी है। जिसका असर शासन और प्रशासन में देखने को मिला रहा है।

### चर्चित रहा बी-4 बंगला

चार ईमली स्थित यह वही बंगला है, जिसे 2020 में कमलनाथ की सरकार गिरते ही पूर्व मंत्री पीसी शर्मा से रातों रात खाली कराकर शिवराज सरकार ने विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव को दे दिया था। जून 2024 में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। इसके बावजूद रमाकांत भार्गव ने छह महीने तक बंगला खाली नहीं किया। इसके बाद वे नवंबर 2024 में बुधनी उपचुनाव में विधायक चुने गए। इस बंगले की साज-सज्जा में शासन के लाखों रुपये खर्च किये गए है।

### पात्रता नहीं होने के बावजूद सरकारी बंगले पर काबिज



प्रदेश के पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया, रामपाल सिंह चुनाव हार चुके हैं, लेकिन डेढ़ साल से सरकारी बंगले पर काबिज हैं। वहीं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह भी बिना मंत्री पद के बड़े आवास में रह रहे हैं। भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भी सरकारी आवास खाली नहीं किया है।

### एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 आज इंदौर में, जुटेंगे देश-दुनिया के टेक-दिग्गज

## ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर का करेंगे शुभांरभ सीएम

● **भोपाल, ईएमएस**



मध्यप्रदेश को टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार का केन्द्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अप्रैल को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा। राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का ये कॉन्क्लेव आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

**एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव प्रदेश का पहला पूर्णतः** सेक्टर आधारित टेक-कॉन्क्लेव होगा, जो हाल ही में आयोजित जीआईएस-भोपाल में आये निवेश प्रस्तावों को धरातल पर साकार करने का मंच बनेगा। कार्यक्रम में गूगल, माईक्रोसॉफ्ट, एनविडिया जैसी बिग-टेक कंपनियों सहित 300 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योगपति, नीति निर्माता और निवेशक शामिल होंगे। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 मध्यप्रदेश को भविष्य के डिजिटल भारत में अग्रणी बनाने और जीआईएस-भोपाल की निवेश प्रतिबद्धताओं को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक पहल सिद्ध होगी।

### जारी होगी 4 नई टेक-पॉलिसीज की गाइडलाइन्स

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर प्रदेश की चार नई तकनीकी नीतियों -जीसीसी नीति, ड्रोन नीति, सेमीकंडक्टर नीति एवं एवीजीसी-एक्सआर नीति की गाइडलाइन्स जारी करेंगे।यह नीतियां नवाचार, अनुसंधान और निर्माण को प्रोत्साहित कर प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर तक तकनीकी उद्यिमता और क्षमताओं को नई ऊंचाइयां देंगी। कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव नए आईटी पार्क, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स और स्टार्ट-अप इन्क्यूबेटरों का भूमि-पूजन करेंगे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाद अब कलकत्ता हाईकोर्ट का विवादित निर्णय

## नाबालिग के ब्रेस्ट छूना रेप की कोशिश नहीं

● **कोलकाता, ईएमएस**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाद अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि नशे की हालत में नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट छूने की कोशिश करना, प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस एक्ट के तहत रेप की कोशिश नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इसे गंभीर यौन उत्पीड़न की कोशिश माना लेकिन आरोपी को जमानत दे दी। मामले की सुनवाई जस्टिस अरिजीत बनर्जी और जस्टिस बिस्वरूप चौधरी की डिवीजन बेंच (खंडपीठ) कर रही थी। दरअसल, ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 10 और आईपीसी की धारा 448/376(2)(सी)/511 के तहत दोषी ठहराया था। कोर्ट ने उसे 12 साल जेल और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने ऊपरी अदालत याचिका लगाई थी। इसके साथ ही आरोपी ने कहा था दो साल से ज्यादा समय तक जेल में बंद होने का तर्क देकर जमानत मांगी थी।

इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी 19 मार्च को इसी तरह का फैसला दिया था। कोर्ट ने कहा था कि किसी नाबालिग के ब्रेस्ट पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना या घसीटकर पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश रेप या रेप की कोशिश नहीं है।

### भारत समिट में राहुल गांधी ने कहा

## मौजूदा पॉलिटिक्स में विपक्ष को कुचलने का टारगेट



**हैदराबाद, ईएमएम।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा आक्रामक पॉलिटिकल माहौल में विपक्ष को कुचलने और मीडिया को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं हैं। राहुल ने कहा कि हमारा विपक्ष सुनना नहीं जानता, क्योंकि उनके पास पहले से ही सभी उत्तर हैं। उसे ठीक से पता है कि क्या किया जाना चाहिए। यह पूरी तरह से गलत है। देश की जनता को पता है क्या किया जाना चाहिए। गांधी ने कहा कि हम राजनेता के तौर पर जनता की बात सुनने में विफल रहे हैं। हमें इस पर वास्तव में वास्तव करना चाहिए। हमारे विरोधियों ने इसे स्थान को पूरी तरह से खाली छोड़ा है। राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने यहां भारत समिट 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आज इस कार्यक्रम का दूसरा दिन था। कार्यक्रम में तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस के लिए सभी रास्ते बंद किए गए

राहुल ने कहा कि हमने पाया कि हमारे सभी रास्ते बंद हो गए हैं। मीडिया और माहौल हमें उस तरह से काम करने की परमिशन नहीं देता जैसा हम चाहते थे। इसलिए हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हम में से हर किसी की कुछ मामलों पर अलग-अलग राय होगी, लेकिन हम इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि मुद्दों पर क्या विचार कर सकते हैं।

## गुजरात में एक हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

**अहमदाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद (890) और सूरत (134) में पुलिस ने शनिवार को महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं और हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे।

## पाकिस्तानी सैन्य काफिले में आईईडी ब्लास्ट, 10 की मौत

इस्लामाबाद, ईएमएस। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में बलूच लिबरेशन आर्मी के हमले में 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। बीएलए ने बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। बीएलए ने कहा कि उसके फ्रीडम फाइटर्स ने पाकिस्तानी सेना के काफिले को रिमोट कंट्रोल्ड आईडी के जरिए निशाना बनाया है। यह हमला हमारी आजादी की लड़ाई का हिस्सा है। क्वेटा से लगभग 30 किमी मार्गट चौकी के पास सैन्य काफिले को निशाना बनाया गया। बीएलए ने कहा कि दुश्मन के खिलाफ हमारा ऑपरेशन तेजी से जारी रहेगा।

### पहलगाम हमलाः शोपियां, कुलगाम और पुलवामा में आतंक के आकाओं के बम से उड़ाए जा रहे घर; बुलडोजर एक्शन भी जारी...भारत के एक्शन से बैकफुट पर आया पाकिस्तान, पीएम शहबाज बोले

# पाकिस्तान निष्पक्ष जांच के लिए तैयार

### जम्मू कश्मीर में आतंकियों की उल्टी गिनती शुरू, एजेंसियों के टारगेट पर 14 आतंकी

● **इस्लामाबाद, ईएमएस**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा बयान देते हुए कह दिया है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। उनके मुताबिक तो पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने सेना को लेकर भी कहा है कि पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं क्योंकि शहबाज की तरफ से सीधे-सीधे हिंदुस्तान को चुनौती दी गई है। उधर, जम्मू कश्मीर में आतंकियों की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। एजेंसियों ने 14 लोकल आतंकवादियों लिस्ट तैयार की है। वहीं शोपियां, कुलगाम और पुलवामा में आतंक के आकाओं के घर बम से उड़ाए जा रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है। इस बीच, पड़ोसी देश की कुछ हरकतें आग में घी का काम कर रही हैं। पाकिस्तान ने सीमा पर एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। बीती रात सीमा से सटी चौकियों पर पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की गई। भारतीय सेना ने भी इसका करारा जवाब दिया।



### पानी रुका तो पूरी ताकत से जवाब देंगे

पीएम शरीफ ने कहा कि यदि सिंधु नदी के पानी को कम करने या मोड़ने की कोशिश की गई तो पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। शरीफ ने कहा कि पानी पाकिस्तान के लिए बेहद जरूरी है। यह हमारे 24 करोड़ लोगों की जिंदगी का सवाल है। हम हर कीमत पर इसे सुरक्षित रखेंगे। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन उसकी इस इच्छा को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने हाल ही में पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐलान किया है।

### आतंकियों के घर ध्वस्त

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। पुलवामा में सक्रिय आतंकवादी के घरों को भारतीय सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है। नई कार्रवाई में घाटी के अंदर सक्रिय आतंकियों के दो और घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जून 2023 से लश्कर के सक्रिय कैडर एहसान अहमद शेख के दो मंजिला घर को सुरक्षा बलों ने आईईडी का उपयोग करके उड़ा दिया है। वह पुलवामा के मुर्रान का रहने वाला है। ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में 2 साल पहले लश्कर में शामिल हुए शाहिद अहमद के घर को शोपियां के चोटीपोरा इलाके में विस्फोट कर उड़ा दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद पिछले 48 घंटे में कुल 6 आतंकियों के घरों को ध्वस्त किया जा चुका है। इसके अलावा, रात को कुलगाम के क्विमोह में जाकिर गनी के तीसरे घर को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया, वह 2023 में लश्कर में शामिल हो गया था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सक्रिय लश्कर कैडर के आतंकियों के कुल 5 घरों को उड़ा दिया गया है। सुरक्षाबलों ने मच्छिल सेक्टर के मुश्ताकाबाद इलाके के सेदोरी नाले के घने जंगलों में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को एक संदिग्ध जगह पर छुपाया गया हथियारों का जखीरा मिला। बरामद सामान में 5 एके-47 राइफलें, 8 एके-47 मैगजीन, 660 राउंड एके-47 गोलियां, एक पिस्टल, एक पिस्टल मैगजीन, एक पिस्टल की गोली, और 50 राउंड स्ब4 रायफल की गोलियां शामिल हैं। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश में हैं कि यह ठिकाना कब और किस आतंकी संगठन द्वारा तैयार किया गया था।

### 14 लोकल आतंकवादियों की लिस्ट तैयार

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में गम और गुस्सा है। इस बीच, खुफिया एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में स‍ि य 14 लोकल आतंकवादियों की एक लिस्ट तैयार कर ली है। ये लोकल आतंकी, पाकिस्तानी दहशतगर्दों के मजबूत मददगार हैं। ना सिर्फ ये स्थानीय स्तर पर सपोर्ट और लॉजिस्टिक सहायता देते हैं, बल्कि आतंकियों को पनाह और संसाधन भी मुहैया कराते हैं। सुरक्षा बलों ने तय कर लिया है कि अब इनका बारी-बारी से सफाया होगा। इन आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू हो चुकी है और इनके घरों को भी जल्द ही जमींदोज किया जाएगा। सबसे पहले ये लोकल आतंकी ढेर होंगे। इन आतंकियों का चुन-चुन कर सफाया हो रहा है। इसके साथ ही इनके घरों पर भी बड़ा प्रहार होगा। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। शनिवार को पुलवामा और कुलगाम में आतंकियों के घरों को आईईडी ब्लास्ट से ध्वस्त कर दिया गया है। आदिल रहमान देंतू लश्कर-ए-तैयबा का सोपोर का कमांडर है। आसिफ अहमद शेख जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी है और अवंतीपुरा का जिला कमांडर है। एहसान अहमद शेख पुलवामा में एक्टिव है। लश्कर-ए- तैयबा का आतंकी है। हरीश नजीर पुलवामा का आतंकी है। लश्कर-ए-तैयबा में एक्टिव आतंकी है। आमिर नाजिर वानी भी पुलवामा में एक्टिव टेररिस्ट है। यावर अहमद भट्ट पुलवामा में पूरी तरीके से एक्टिव है। आसिफ अहमद कंडे शोपियां का आतंकवादी है। नसीर अहमद वानी शोपियां में लगातार आतंकी गतिविधियों में शामिल है। शाहिद अहमद कुटे शोपियां में ही एक्टिव है। आमिर अहमद डार लोकल आतंकवादी है। अदनान सफी डार शोपियां जिले का एक्टिव आतंकवादी है। जुबेर अहमद वानी हिजबुल मुजाहिद्दीन का अनंतनाग का ऑपरेशनल कमांडर है।हारून रशीद गनी अनंतनाग का हिजबुल मुजाहिद्दीन का एक्टिव आतंकी है। जुबेर अहमद गनी कुलगाम का बड़ा आतंकी है। लश्कर-ए-तैयबा में शामिल होकर लगातार सुरक्षा बलों और टारगेटेड किलिंग में शामिल रहता है।

### हाईकोर्ट का नर्सिंग परीक्षाओं की तारीख बढ़ाने से इंकार, कहा...

# सभी परीक्षाएं समय सीमा में ही हर हाल में हों

**50 हजार से अधिक नर्सिंग छात्रों को राहत कमेटी को किया भंग**

● **जबलपुर, ईएमएस**

मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों में हुए बड़े फर्जीवाड़े और परीक्षाओं में बार-बार हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि 2022-23 सत्र की लंबित परीक्षा अब हर हाल में 28 और 29 अप्रैल को आयोजित की जाए। यह परीक्षा पहले चार बार टाली जा चुकी है- दो बार मेडिकल यूनिवर्सिटी और दो बार एमपी नर्सिंग काउंसिल की ओर से। कोर्ट के इस निर्देश से 200 डिग्री और 400 से अधिक डिप्लोमा कॉलेजों के 50 हजार से अधिक छात्रों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता से जुड़े मामलों में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की भूमिका अब समाप्त हो चुकी है और अब किसी भी कॉलेज का मामला कमेटी को नहीं सौंपा जाएगा।



### परीक्षा की तारीख में नहीं होगा कोई बदलाव

नर्सिंग कॉलेजों में फर्जी मान्यता और छात्रों की लंबित परीक्षाओं को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच- जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने एमपी नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को निर्देशित किया कि तय परीक्षा तिथियों में अब किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि 2020-21 और 2021-22 सत्र की परीक्षा भी तय समय पर नहीं हो पाई थी और 2024 में आयोजित की गई थी। अब 2022-23 सत्र की परीक्षा 2025 में कराई जा रही है।

### अब सीधे काउंसिल करेगी मान्यता प्रक्रिया

हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया से संबंधित हाईलेवल कमेटी को भी भंग कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अब कोई भी मामला सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली इस कमेटी को नहीं भेजा जाएगा। यह कमेटी सीबीआई जांच में डेफिशियेंट पाए गए कॉलेजों की जांच कर उन्हें उपयुक्त या अनुपयुक्त घोषित कर रही थी। अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए सभी कॉलेजों को सीधे एमपी नर्सिंग काउंसिल के समक्ष आवेदन करना होगा, और मान्यता से संबंधित अंतिम निर्णय वही लेगी।

### 700 में से केवल 200 कॉलेज ही सही पाए गए

जनहित याचिका में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने आरोप लगाया था कि राज्य में सैकड़ों नर्सिंग कॉलेज ऐसे चल रहे हैं, जिन्हें जरूरी संसाधन, स्टाफ, लैब और अस्पताल की व्यवस्था के बिना ही मान्यता दे दी गई। हाईकोर्ट की निगरानी में हुई सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि राज्य के 700 कॉलेजों में से केवल 200 ही तय मापदंडों पर खरे उतरे, जबकि बाकी कॉलेजों को फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर मंजूरी दी गई थी।

## अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने

### एक मई से संभालेंगे पद, अभी रिलायंस जियो, रिटेल और एनर्जी वर्टिकल के बोर्ड मेंबर



**मुंबई, ईएमएस।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अनंत अंबानी को कंपनी का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया है। अनंत 1 मई से अगले 5 साल के लिए इस पद पर रहेंगे। वे मुकेश अंबानी के छोटे बेटे हैं। 2023 से वे कंपनी में नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में ह्यूमन रिसोर्स, नोमिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी की सिफारिश पर विचार किया और नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत एम. अंबानी को होल टाइम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया। अनंत को अगस्त 2022 में कंपनी के एनर्जी वर्टिकल की कमान सौंपी गई थी। इसके अलावा अनंत मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड, मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड और जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड के साथ-साथ रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड के बोर्ड मेंबर हैं। वे सितंबर 2022 से रिलायंस की फिलैंथरोपिस्ट आर्म- रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड में भी हैं।

## मणिपुर में मादक पदार्थों की बड़ी खेप जब्त, दो गिरफ्तार

**इंफाल, (ईएमएस)।** मणिपुर के थौबल जिले में पुलिस ने एक तलाशी अभियान के दौरान ब्राउन शुगर और हेरोइन सहित कई मादक पदार्थों की बड़ी खेप जब्त की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी कि इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बारुल आलम के घर पर तलाशी ली गई, जहां से 3.9 किलोग्राम ब्राउन शुगर, सात साबुन के डिब्बे जिसमें हेरोइन चूरा (12 ग्राम प्रति डिब्बा) था और 100 मिलीलीटर की सात बोतलें कोडीन की जब्त की गईं।



## जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर एकतरफा यातायात बहाल

**रामबन, (ईएमएस)।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही पांच दिन तक बाधित रहने के बाद अब एकतरफा यातायात बहाल कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शनिवार को रामबन का दौरा कर, 20 अप्रैल को बादल फटने से आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए राजमार्ग और अन्य बुनियादी ढांचे की बहाली के काम की प्रगति की समीक्षा करेंगे।



### फटाफट खबरें

## नूंह में दर्दनाक हादसा 6 सफाई कर्मियों की मौत, 5 घायल

**नूंह, (ईएमएस)।** हरियाणा के नूंह जिले में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में छह सफाई कर्मियों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमवास के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 10 बजे सफाई कर्मचारी एक्सप्रेसवे पर काम कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे कर्मचारियों को कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि छह कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पाकिस्तानी हिरासत में जवान रिहाई को लेकर अनिश्चितता

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान, जो अनजाने में भारत-पाकिस्तान सीमा पार कर गया था, पिछले तीन दिनों से पाकिस्तानी रेंजर्स की हिरासत में है। अधिकारियों ने बताया कि जवान पूर्णम साहू, पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात था और गलती से सीमा पार कर गया था, जिसके बाद उसे पाकिस्तान रेंजर्स ने पकड़ लिया। सूत्रों के मुताबिक, बीएसएफ ने जवान की रिहाई के लिए कई बार पाकिस्तान रेंजर्स से संपर्क किया और फ्लैग मीटिंग की मांग भी की, लेकिन अब तक पाकिस्तान की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है।

## शहीद की अस्थियां गंगा में विसर्जित, सबकी आंखें हुई नम

**हरिद्वार, (ईएमएस)।** कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय नौसेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की अस्थियां हरिद्वार के हर की पौड़ी स्थित गंगा की जलधारा में विसर्जित की गईं। इस दौरान का एक भावुक कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में शहीद विनय नरवाल के पिता, राजेश नरवाल, बेटे की अस्थियों को गंगा में प्रवाहित करते वक्त अपने आंसू रोक नहीं पाए और फूट-फूटकर रोने लगे। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ढांढ़स बंधाया, लेकिन हर कोई इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठा।

## पहलगाम हमले के जिम्मेदारों को माकूल जवाब देगा भारत: नड्डा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को माकूल करारा जवाब देगा। यह हमला इस सप्ताह की शुरुआत में हुआ था, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। यहां गणपति पूजा-अर्चना करने के बाद बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने मीडिया से कहा, कि पूरा देश उम्मीद करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हमले का कड़ा और प्रभावी जवाब देंगे। यहां बताते चलें कि यह आतंकी हमला कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में मौजूद रहे पर्यटकों पर हुआ था।

### भारत ने रोका सिंधु का पानी, भड़का पाकिस्तान, बिलाबल की गीदड़भभकी...

# सिंधु का पानी बहेगा या भारतीयों का खून

● **नई दिल्ली, ईएमएस।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में आक्रोश की लहर है। इस नृशंस हमले में दो दर्जन से अधिक निर्दोष लोगों की मौत के बाद दुनियाभर के देशों ने भारत के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में समर्थन का वादा किया है। इसी बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने बयान जारी कर धमकी भरे लहजे में प्रतिक्रिया दी है।

पाक पीएम शाहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान इस हमले की निष्पक्ष और तटस्थ जांच के लिए तैयार है। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं और यदि जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। शरीफ ने सिंधु जल संधि का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि पाकिस्तान के पानी को कम करने या मोड़ने की किसी भी कोशिश का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा।

**बिलावल ने कहा- सिंधु का पानी बहेगा या भारतीयों का खून:** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि का कहना है कि सिंधु नदी पाकिस्तान की है और अगर भारत ने उसका पानी रोकने की कोशिश की तो भारत को इसका अंजाम भुगतना होगा। पाकिस्तान के लोगों को रैली में संबोधित करते हुए पीपीपी प्रमुख ने कहा, मैं सिंधु दरिया के पास खड़े होकर यह साफ कर देना चाहता हूं कि सिंधु नदी हमारी थी, हमारी है और हमारी ही रहेगी, या तो इस नदी का पानी बहेगा या फिर उनका खून, जो हमारी नदी को हमसे छीनना चाहते हैं। बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच में समझौता हुआ था।

## दुनियां के देश भारत के साथ दिखा रहे एकजुटता



### हमले की जिम्मेदारी

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी समूह द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। इसके बाद से भारत में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती और भी बढ़ गई है।

### भारत के कड़े कदम

हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। इनमें सिंधु जल संधि का आंशिक निलंबन और पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों का निष्कासन शामिल है। भारत ने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि हर आतंकी और उसके मददगारों को सजा दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर आतंकियों के खिलाफ तलाश और कार्रवाई अभियान तेज कर दिया गया है।

### भारतीय नौसेना बड़े मिशन के लिए तैयार

पहलगाम हमले के बाद भारतीय नौसेना ने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें चार युद्धपोत समुद्र में एक साथ गश्त करते दिख रहे हैं। पोस्ट के साथ कैप्शन दिया गया, 'एकता में शक्ति; उद्देश्यपूर्ण उपस्थिति' इसके साथ ही मिशन के लिए तैयार, कहीं भी किसी भी समय लिखा है। यह तस्वीर और संदेश स्पष्ट रूप से भारतीय नौसेना की ताकत और किसी भी स्थिति से निपटने की उसकी तैयारियों को दर्शाती है।

**पहलगाम हमले में हमारा हाथ नहीं: रक्षा मंत्री ख्वाजा**

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि हम आतंकियों को पिछले 30 सालों से पाल रहे हैं। ये गंदा काम अमेरिका ने हमसे करवाया है, लेकिन पहलगाम हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है, चाहें तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी जांच करा लें।

### काठमांडू में पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**काठमांडू (ईएमएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक की मौत के विरोध में शनिवार को काठमांडू में पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में युवाओं ने पाकिस्तानी दूतावास के सामने एकत्र होकर विरोध जताया और दूतावास को बंद करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को प्रायोजित करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी कारण एक निर्दोष नेपाली नागरिक की जान गई। प्रदर्शन के दौरान 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए और पाकिस्तान के सेना प्रमुख की तस्वीरें लेकर प्रदर्शनकारियों ने कड़ा विरोध जताया।

### पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर 9 गिरफ्तार

**श्रीभूमि, (ईएमएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के समर्थन में की गई कथित पोस्ट के आरोप में असम पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में एक विधायक भी शामिल है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि ऐसे कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। असम पुलिस ने शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर सोशल मीडिया पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखी पोस्ट करने का आरोप था। मुख्यमंत्री सरमा ने ट्वीट कर बताया कि करीमगंज पुलिस ने सैकुट गांव के निवासी मोहम्मद मुस्ताक अहमद को गिरफ्तार किया है, जो फेसबुक पर पाकिस्तान का समर्थन कर रहा था। इसके अलावा, कछार पुलिस ने दो और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, इनमें बक्तर हुसैन बरभुइया और मो. इमरान हुसैन बोरभुइया हैं, इन पर भी पाकिस्तान के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आरोप है।

# पीएम ने 51 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

## कहा- आपके हाथों में है देश का भविष्य

● **नई दिल्ली, ईएमएस।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे और कहा कि आज भारत सरकार ने विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की नौकरियां दी हैं। ये महज नियुक्तियां नहीं हैं, बल्कि ये देश के भविष्य निर्माण की बड़ी शुरुआत है। पीएम मोदी ने आयोजित रोज़गार मेला में देश के 51,000 से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को बधाई देते हुए उन्हें देश के भविष्य का निर्माता बताया और भारत की युवा शक्ति की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि आज भारत सरकार के विभिन्न विभागों में 51,000 से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां दी गई हैं। ये सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं हैं, ये राष्ट्र निर्माण के बड़े संकल्पों की शुरुआत हैं। उन्होंने अपने संबोधन में आईएमएफ की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने कहा, कि आज का समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलें।



### रोजगार के लाखों नए अवसर

प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया को मजबूती देने के लिए शुरू किए गए नए मैन्युफैक्चरिंग मिशन का जिक्र भी किया। यहां उन्होंने कहा कि इससे एमएसएमई सेक्टर और लघु उद्यमियों को बल मिलेगा, साथ ही रोजगार के लाखों नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।

### नारीशक्ति की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीएससी परिणामों में महिलाओं की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा, कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। नौकरशाही से लेकर अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र तक, नारीशक्ति नई बुलंदियों को छू रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चला रही है, जैसे बैंक सखी, कृषि सखी और 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह जो देशभर में 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि जल्द ही भारत में वेव्स 2025 (विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन) का आयोजन होगा, जिसका केंद्र बिंदु भारत के युवा क्रिएटर्स होंगे।

# देश में गरीबों की संख्या में गिरावट 17 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर

● **नई दिल्ली, ईएमएस।**

भारत में अत्यंत गरीबी 2011-12 में 16 फीसदी थी जो घटकर 2022-23 में महज 2.3 फीसदी रह गई। अत्यंत गरीबी का आकलन 2.15 डॉलर प्रतिदिन क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार भारत ने 17.1 करोड़ लोग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना के लायक गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत ने पिछले एक दशक के दौरान गरीबी उन्मूलन के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है।

विश्व बैंक ने कहा कि एलएमआईसी गरीबी रेखा के अनुसार ग्रामीण गरीबी 69 फीसदी से घटकर 32.5 फीसदी रह गई। इसी प्रकार शहरी गरीबी 43.5 फीसदी से घटकर 17.2 फीसदी दर्ज की गई। इससे ग्रामीण-शहरी अंतर 25 से घटकर 15 फीसदी रह गया जो 7 फीसदी की वार्षिक गिरावट है। विश्व बैंक के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) में अत्यंत गरीबी को शामिल किया जाता है लेकिन पोषण एवं स्वास्थ्य से वंचित मामलों को शामिल नहीं किया जाता है। एमपीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की गैर-मौद्रिक गरीबी 2005-06 में 53.8 फीसदी थी जो घटकर 2019-21 में 16.4 फीसदी और 2022-23 में 15.5 फीसदी रह गई।

पूर्ववर्ती योजना आयोग के सचिव रह चुके एनसी सक्सेना ने कहा, उपभोग के आंकड़े अब तुलना करने के लायक नहीं हैं क्योंकि गणना की पद्धति बदल चुकी है। जनगणना, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण आदि स्वतंत्र स्रोतों से आंकड़े एकत्र करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। विश्व बैंक ने गणना की अपनी पद्धति में कहा है कि भारत के लिए गरीबी अनुमान 2011-12 के उपभोग व्यय सर्वेक्षण (सीईएस) और 2022-23 के पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण से प्राप्त किए गए हैं।

## पटाखा फैक्ट्री में धमाका 3 मजदूरों की मौत

**सहारनपुर (ईएमएस)।** देवबंद-मुजफ्फरनगर मार्ग पर ग्राम जड़ौदा जट के जंगल में सालों से चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ है। एक के बाद एक हुए धमाके में तीन मजदूरों के चीथड़े उड़ गए। जबकि कई घायल हुए हैं। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होंने साजिश के तहत धमाके किए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य राज्यमार्ग जाम कर दिया। सूचना पर डीएम मनीष बंसल और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण पहुंचे, जिनका ग्रामीणों ने घेराव कर दिया। फिलहाल प्रशासन ने तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। नाराज ग्रामीणों ने डीएम-एसएसपी को बताया कि इस फैक्ट्री में गैर पक्ष के लोग भी काम करते हैं लेकिन सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने तीन लोगों पर शक जताते हुए उनको पुलिस की सुपुर्दगी में दिया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि यह धमाका साजिश के तहत किया गया है। आरोपी जब तक नहीं पकड़े जाते, तब तक वह शांत नहीं बैठेंगे। डीएम और एसएसपी ग्रामीणों को जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिला रहे थे लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे।

# पाक से आए हिंदुओं के भारत में रहने पर असमंजस

● **नई दिल्ली, ईएमएस।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव जहां रिश्तों में तनाव बढ़ा दिया है। वहीं पाकिस्तान से शरण की आस में भारत आए हिन्दुओं के लिए भी मुसीबत पैदा कर दी है। सरकार द्वारा पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के आदेश से उनके लिए अब असमंजस की स्थिति बन गई है।

विदेश मंत्रालय ने बाद में साफ किया था कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी लॉन्ग टर्म वीजा वैध रहेंगे। हालांकि, सतराम जैसे कई पाकिस्तानी हिंदू जो दिल्ली के मजनूं का टीला और सिग्नेचर ब्रिज इलाकों में चले गए हैं, वे अपनी स्थिति और भारत में रहने की प्रक्रियाओं के बारे में असमंजस में हैं। पाकिस्तानी से आए हिंदू सतराम कुमार ने कहा कि हमारे



पड़ोसी और रिश्तेदार सालों से यहां आकर बस हुए हैं। हम पाकिस्तान में असुरक्षित महसूस करते थे और अपने परिवार के साथ यहां आने और वीजा का खर्च उठाने के लिए पैसे बचाते थे। अब, हमें नहीं पता कि हम यहां रह पाएंगे या हमें देश छोड़ने के लिए कहा जाएगा। मेरी पत्नी, बहुएं और बच्चे यहां आ गए हैं और डरे हुए हैं।

पाकिस्तानी हिंदू सतराम कुमार अपने नौ सदस्यीय परिवार के साथ पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैदराबाद से करीब 20 दिन पहले दिल्ली आए थे। यह परिवार पिछले तीन साल से भारत आने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पिछले महीने 45 दिन का विजिटर वीजा मिलने के बाद ही यह संभव हो सका। हालांकि, उनक परिवार भारत में बसने के इरादे से आया था, लेकिन अब उनके सामने असमंजस की स्थिति बन गई है।

दयाल दास ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि इन कैंपों में रह रहे परिवार सुरक्षित हैं तथा उन्होंने इन कैंपों में रह रहे लोगों और परिवारों की संख्या का डिटेल शनिवार तक सौंपने को कहा है। इस बीच, करीब नौ महीने पहले पाकिस्तान से भारत आया 15 लोगों का एक और परिवार जो हरियाणा के हिसार के बालसमंद गांव में शिफ्ट हो गया था, उन्हें बिना वैध वीजा के रहने के कारण रातों-रात मजनू का टीला कैंप में वापस भेज दिया गया।

## कार ने घर के बाहर बैठे एक ही परिवार के 7 लोगों को कुचला

● **गोरखपुर, ईएमएस।**

यहां बीती रात बेकाबु कार ने 7 लोगों को कुचल दिया। दरवाजे पर बैठे एक ही परिवार के 7 लोगों को कार ने रौंद दिया। बताया जा रहा है कि देर रात कार सवार बारात से लौट रहे थे। हादसे में मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। 5 की हालत नाजुक है। सभी लोग खाने के बाद गर्मी की वजह से बाहर बैठे थे। बताया जा रहा है कि कार की स्पीड 100 किमी प्रति घंटा थी। घटना के बाद 3 युवक कार छोड़कर भाग गए, जबकि एक आरोपी को पकड़ लिया गया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। हादसा शुक्रवार देर रात 10-50 पर गुलरिहा थाना के रघुनाथपुर टोला के भगवानपुर में




हुआ है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद गोरखपुर के बालापार रोड पर हुए हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतृप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री जी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## ड्रग्स के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**ठाणे (ईएमएस)।** महाराष्ट्र के ठाणे पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने घोड़बंदर रोड पर बड़ी कार्रवाई कर 21 वर्षीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 242 ग्राम म्याऊ-म्याऊ यानि मेफेड्रोन (एमडी ड्रग्स) बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 48 लाख रुपये से अधिक है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ड्रग्स तस्कर घोड़बंदर रोड इलाके में नशीले पदार्थों की सप्लाई करने आ रहा है। इस जानकारी के आधार पर ठाणे क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स सेल ने जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान घेवरम पटेल (21) के रूप में हुई है, जो हैदराबाद का निवासी है और मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। बरामद मेफेड्रोन, इस म्यो-म्यो या म्याऊ-म्याऊ नाम से भी जाना जाता है एक खतरनाक सिंथेटिक ड्रग है, जिसका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है।



*पुर्तगाल में लोग सड़कों पर नारे लगाते हुए, ये लोग 51 साल पहले हुए आंदोलन की याद करते हुए जिसके कारण तानाशाही का अंत हुआ था।*


*(फोटो-ईएमएस)*

### आप्रवासियों की गिरफ्तारी में अड़ंगा लगाना जज को पड़ा भारी ....काश बोले- शाबाश

# एफबीआई ने किया जज को गिरफ्तार

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिका में ट्रंप सरकार और न्यायपालिका आमने सामने दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के खिलाफ कई प्रकरण अदालत में चल रहे हैं। हाल ही में अमेरिका ने आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की कार्रवाई में बाधा डालने और एक अवैध आप्रवासी को गिरफ्तारी से बचाने में मदद करने का आरोप में एक जज को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी पर एफबीआई निदेशक काश पटेल ने बधाई दी है।

यह मामला विस्कॉन्सिन राज्य के मिल्वौकी का है। यहां एक अभूतपूर्व घटना में, एफबीआई ने मिल्वौकी



काउंटी सर्किट जज हन्ना डुगन को गिरफ्तार कर लिया। उन पर आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की कार्रवाई में बाधा डालने और एक अवैध आप्रवासी को गिरफ्तारी से बचाने में मदद करने का आरोप है। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने इस कार्रवाई की घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की। हालांकि उनका शुरुआती पोस्ट कुछ समय बाद हटा लिया गया और बाद में दोबारा पोस्ट किया गया। इस घटना ने ट्रंप प्रशासन और न्यायपालिका के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। यह गिरफ्तारी ट्रंप प्रशासन की आप्रवासन नीतियों को लागू करने की कड़ी रणनीति का हिस्सा है। अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने फॉक्स न्यूज पर एक इंटरव्यू में कहा, ÷कुछ जजों को लगता है कि वे कानून से ऊपर हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। यदि आप सबूत नष्ट कर रहे हैं या न्याय में बाधा डाल रहे हैं, खासकर जब कोर्टरूम में घरेलू हिंसा के पीड़ित मौजूद हों और आप एक अपराधी प्रतिवादी को पीछे के दरवाजे से बाहर ले जा रहे हों, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ट्रंप प्रशासन ने स्थानीय अधिकारियों को चेतावनी दी है कि जो लोग संघीय आप्रवासन प्रवर्तन में सहयोग नहीं करेंगे, उनके खिलाफ जांच और अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। जनवरी में, न्याय विभाग के एक मेमो में कहा गया था कि स्थानीय अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे जो संघीय आप्रवासन प्रयासों में बाधा डालते हैं। डेमोक्रेटिक नेताओं ने इस गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना की है।


### क्या है पूरा मामला?

आरोपों के अनुसार, 18 अप्रैल को, जज डुगन ने अपने कोर्टरूम में एक मैक्सिकन नागरिक, एडुआर्डो फ्लोरेस-रुइज, को आईसीई एजेंटों द्वारा गिरफ्तार किए जाने से बचाने की कोशिश की। फ्लोरेस-रुइज उस समय डुगन के कोर्ट में घरेलू हिंसा से संबंधित एक मामूली केस की सुनवाई के लिए उपस्थित थे। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, डुगन ने आईसीई एजेंटों को कोर्टरूम के बाहर इंतजार करने के लिए कहा और उन्हें मुख्य जज से बात करने का निर्देश दिया।

# कश्मीर घाटी में बड़ा ऑपरेशन, जंगल से लेकर घरों तक हो रही तलाशी

● **नई दिल्ली, ईएमएस।**

पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की ओर से 25 और 26 की दरम्यानी रात में फिर से सीजफायर उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की गई। इंडियन आर्मी ने एलओसी पर पाकिस्तानियों को ऐसा जवाब दिया कि सब के सब डर से अपने बिल में जा छुपे। पाकिस्तानी सेना ने कई पोस्ट से फायरिंग शुरू की थी। फायरिंग के लिए छोटे हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। जवाब में भारतीय सेना ने 1300 राउंड फायर कर पाक फौज का मुंह बंद कर दिया। बारामूला के टूटमारी गली सेक्टर में पाक सेना ने फायरिंग की थी। इसके



अलावा पाकिस्तान फौज ने पीओके में भी कई जगह फायरिंग की थी।

उधर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 20 साल के सैयद आदिल हुसैन शाह ने पर्यटकों को बचाने का प्रयास करते हुए अपनी जान गंवा दी। युवक के बलिदान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उसके परिवार से वीडियो कॉल पर बात की और उन्हें पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता सौंपी। सहायता राशि का चेक शिवसेना कार्यकर्ताओं और सीमा अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार वालों को दिया। इस अवसर पर एकनाथ शिंदे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सैयद के परिवार से बातचीत की और हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। पहलगाम में पर्यटकों को घुड़सवारी कराकर आजीविका चलाने वाले सैयद आदिल ने हमले के दौरान असाधारण बहादुरी का परिचय दिया।

### मुख्यमंत्री करेंगे 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' का शुभारंभ

**भोपाल(ईएमएस)।** मध्यप्रदेश को टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार का केन्द्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अप्रैल को इंदौर के 'ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर' में करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा।

### प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को बूथों पर सुनेंगे कार्यकर्ता

**भोपाल (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को 27 अप्रैल, रविवार को प्रातः 11 बजे प्रदेश के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सुनेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा प्रातः 11 बजे श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय ऑडिटोरियम में एवं भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद राजगढ़ जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे।

## फटाफट खबरें

### पांच नगर निगमों के केंद्रीय अनुदान पर लटकी तलवार

**भोपाल (ईएमएस)।** 15 वें वित्त आयोग ने नियम बनाया है। प्रत्येक नगर निगम को पिछले वर्ष की तुलना में न्यूनतम 12.98 फ़ीसदी अधिक प्रॉपर्टी टैक्स वसूल करना होगा। मध्य प्रदेश में 16 नगर निगमे है। इसमें से पांच नगर निगम जिसमे भोपाल इंदौर खंडवा सिंगरौली और कटनी शामिल हैं। इन्होंने लक्ष्य के अनुसार प्रॉपर्टी टैक्स में वृद्धि नहीं की है। जिसके कारण इन्होंने अपने केंद्रीय अनुदान की पात्रता को खो दिया है। पिछले सालों में भी कई नगर निगमो ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया था। उसके बाद भी उन्हें केंद्रीय अनुदान प्राप्त हो गया था। लेकिन इस बार केंद्र सरकार नियमों का गंभीरता से पालन कर रही है। केंद्रीय अनुदान पाने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स को आधार बनाया गया है। यदि इन पांचो नगर निगम को केंद्रीय अनुदान प्राप्त नहीं हुआ तो उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो जाएगी।

### भोपाल में 'द अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव' आज

**भोपाल (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्त I गुरू प्रकाश पासवान 27 अप्रैल, रविवार को ''आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स'' द्वारा श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय ऑडिटोरियम में भारत र , बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कृतित्व और व्यक्ति त्व पर आधारित ''द अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव'' को संबोधित करेंगे। ''सामाजिक न्याय से सामाजिक सशक्ति करण तक-मोदी युग में बाबा साहब के सपने को साकार करना'' विषय पर आयोजित ''द अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव'' का शुभारंभ 27 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे होगा। समापन सत्र को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा संबोधित करेंगे। पूर्व में कॉन्क्लेव के प्रथम सत्र को प्रातः 10.30 बजे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरू प्रकाश पासवान संबोधित करेंगे।

### एमपी ऑनलाइन से छिना प्रवेश परीक्षा का काम

**भोपाल (ईएमएस)।** उच्च शिक्षा विभाग में शैक्षिक सत्र 2025-26 की प्रवेश परीक्षा का कार्य एक नई कंपनी को सौपा है। एसआरआईटी बेंगलुरु की यह कंपनी नई व्यवस्था के अंतर्गत हर कॉलेज कैंपस और हायर सेकेंडरी स्कूल में रजिस्ट्रेशन डेस्क तैयार करेगी। जहां पर पंजीयन का काम होगा। 12वीं की परीक्षा का परिणाम आने के बाद स्कूल में ही कॉलेज के लिए छात्र अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए छात्रों को अलग से कोई राशि नहीं चुकानी पड़ेगी। पहले यह सुविधा स्कूल और कॉलेज में नहीं थी। एमपी ऑनलाइन प्रति छात्र ?70 का शुल्क लेती थी। नई कंपनी प्रति छात्र 39 रुपए 60 पैसे लेगी। इससे शासन के खर्चे में बचत होगी। 15 मई तक एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

### भारत में हर 3 मिनट में एक आत्महत्या

**भोपाल (ईएमएस)।** इंडियन एसोसिएशन आफ प्राइवेट साइकेट्री के अध्यक्ष डॉक्टर डॉ आरएन साहू के अनुसार अंतर्राष्टीय रिपोर्ट के अनुसार, सारी दुनिया के देशों में जितनी आत्महत्या होती हैं। उसमें 25 फ़ीसदी आत्महत्या भारत में होती हैं। 2022 में 1.70 लाख लोगों ने आत्महत्या की है। हर 3 मिनट में एक आत्महत्या की घटना भारत में हो रही है। आत्महत्या की कोशिश महिलाएं सबसे ज्यादा करती हैं। आत्महत्या करने वालों में युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। मानसिक बीमारी, बेरोजगारी, कर्ज, पारिवारिक तनाव, यौन शोषण, अकेलापन,साइबर बुलीइंग इत्यादि के कारण बड़ी तेजी से आत्महत्या की घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं। आत्महत्या को लेकर दुनिया भर के देशों में कई शोध हुए हैं।

---

#### आरोपियों की शिकार बनी चौथी पीड़िता भी सामने आई, रेप कर वीडियो बनाने का आरोप

# टीआईटी कॉलेज की छात्राओं से रेप

## आरोपियों के मोबाइल से मिली दर्जन भर से अधिक वीडियो क्लिप

**▶ जेल में बंद आरोपी को रिमांड पर लेगी पुलिस**

**भोपाल(ईएमएस)।**

भोपाल में निजी कॉलेज की छात्राओं से रेप और ब्लैकमेलिंग के सनसनीखेज मामले में चौथी पीड़िता भी सामने आ गई है। आरोप है की उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया गया था। पुलिस सूत्रो के अनुसार आरोपियों से जप्त मोबाइल में एक दर्जन से ज्यादा युवतियो की आपत्तिजनक वीडियो क्लिप मिली हैं, इन्हीं के आधार पर पुलिस पीड़िताओं से संपर्क कर रही है। पीड़िताओ में दो सगी बहनें भी शामिल हैं। इनसे भी पुलिस ने वीडियो क्लिप्स देखकर ही संपर्क किया था, यह दोनो पहले टीटी नगर थाने पहुंची थी।

मामले में 24 अप्रैल को पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रेप, अपहरण, धर्म स्वातंत्र्य और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी, आगे की जॉच में और खुलासे होने पर शहर के थानों में 12 आरोपियो के खिलाफ पांच प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें छह की



गिरफ्तारी की जा चुकी है। निजी कालेज से जुड़े तीनों मामलो में फरहान नामक युवक को मुख्य आरोपी बनाया गया है। बागसेवनिया, अशोका गार्डन व जहांगीराबाद थाने में दर्ज सभी मामलों में पीड़िताओं का कहना है, कि फरहान कॉलेज में उनका सीनियर था। उसने दोस्ती के बहाने उनसे दुष्कर्म किया और फिर वीडियो बनाकर उन्हें धमकाते हुए अन्य युवकों से दोस्ती कराई। आधा दर्जन गिरफ्तार आरोपियो में एक महिला भी शामिल है, एक अन्य आरोपी को पन्ना से हिरासत में लिया गया है। आरोपियों में अली और साद की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। अली और साद पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताये गये हैं। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है,जो इस बिंदु की जांच करेगी कि प्रकरण सोची समझी साजिश के तहत अंजाम दिया गया है, या नहीं। श्यामला हिल्स और बैरागढ़ थाने में दर्ज दो मामले की पीड़िताओ ने पुलिस को बताया की आरोपी शाहरुख ने प्रेमजाल में फंसाकर बाणगंगा क्षेत्र में जोया नामक महिला के किराए के कमरे में दुष्कर्म करता था।

### मुख्य आरोपी 3 दिन की रिमांड पर

3 छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में 2 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी। इनमे से एक आरोपी को पन्ना से हिरासत में ले लिया गया है। प्रकरण में मुख्य आरोपी फरहान और अली को बताया जा रहा है। आरोपियों ने साल 2023 से अभी तक कई छात्राओ से दुष्कर्म किया था। लेकिन पहले के मामलों की पीड़िताएं पुलिस के पास अभी तक नहीं आई है। जेल में बंद आरोपी को लिया जायेगा रिमांड पर पुलिस सूत्रो के अनुसार सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों के मोबाइल से बरामद वीडियो की शुरुआती फोरेंसिक रिपोर्ट एसआईटी को मिल गई है। इसके बाद पुलिस जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

## रीवा स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते समय पैर फिसलने से एएसआई की मौत



**भोपाल/रीवा(ईएमएस)।** रीवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में बैठते समय पैर फिसलने से भोपाल मे पदस्थ एसआई नरेश प्रसाद मिश्रा की मौत हो गई। मृतक एक माह के बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। बीते दिनो वह अपने परिवार के पास गये थे, वहॉ से वापस आने के लिए टैन में सवार हो रहे थे, लेकिन अचानक हुए हादसे में उनकी जान चली गई। जानकारी के अनुसार मूल रूप से रीवा के मनगवां के रहने वाले नरेश प्रसाद मिश्रा (62) जो भोपाल में पदस्थ थे। शुक्रवार रात 8 बजे भोपाल आने के लिये वह रीवा से भोपाल जाने वाली रेवांचल एक्सप्रेस में बैठने रीवा स्टेशन पहुंचे थे। जल्दी बाजी में एसएसआई ट्रेन में सवार होने लगे तभी अचानक ही उनका पैर फिसलने की वजह से वे गिर पड़े और ट्रेन के नीचे आ गए। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई थी। उन्हें इलाज के लिये फौरन ही अस्पताल पहुंचाया गया जहॉ इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## स्कूली छात्रा से 3 युवकों ने किया रेप, महिला सहित 6 गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस)।**



राजधानी में 16 साल की नाबालिग छात्रा से तीन युवको द्वारा अलग-अलग जगह ले जाकर दुष्कर्म किये जाने की सनसनीखेज घटना प्रकाश में आई है। करीब बीस दिन पुरानी घटना बीते दिन सामने आने पर पुलिस ने तुरंत ही एक्शन में आते हुए महिला मददगार उसके पति सहित 6 आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीटी नगर एसीपी चंद्र शेखर पांडे ने मीडिया को बताया कि टीटी नगर में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की एक घटना हुई थी। मामले में आरोपियो के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट और आपराधिक साजिश सहित अन्य धाराओ में प्रकरण दर्ज कर मामला संबंधित बैरागढ़ थाने में भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बैरागढ़ इलाके की रहने वाली पीड़िता किशोरी स्कूली छात्रा है। शुरुआती जांच में सामने आया की पहचान जावेद उर्फ भय्यू से हुई थी। फरवरी माह में जावेद उसे बाणगंगा निवासी जोया नामक महिला के घर ले गया, वहॉ जोया का पति फैजान और जहांगीराबाद निवासी शाहरुख भी मौजूद था। वहॉ शाहरुख ने नाबालिग से मोबाइल नंबर लिया और फिर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। थोड़ दिनो बाद नाबालिग को जोया के घर बुलाया वहॉ जावेद, जोया और फैजान ने उसे शाहरुख के साथ अकेले छोड़ दिया। इसके बाद शाहरुख ने उसके साथ ज्यादती की।

इसके बाद आरोपी शाहरुख ने पीड़िता को कई बार दबाव बनाकर जोया के घर बुलाकर शारीरिक शोषण किया। परेशान होकर पीड़िता ने इसकी शिकायत जावेद और जोया से की तब दोनो ने उसे चुप रहने के लिए कहा। आरोपी की करतूत से परेशानह होकर किशोरी ने सारी बात अपनी मां को बताई।

## चित्तौड़ कॉम्प्लेक्स रहवासी कल्याण समिति ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल,ईएमएस ।**



पहलगाम की बहरम घाटी में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में राजधानी भोपाल के चित्तौड़ कॉम्प्लेक्स, एमपी नगर के रहवासियों ने शनिवार को श्रद्धांजलि सभा एवं विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए सुयश कुलश्रेष्ठ सहित अन्य वक्ताओं ने इस कायरतापूर्ण घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने शांति और एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राममूर्ति, राकेश खरे, आलोक दास, बृजेंद्र तिवारी, अमन राजपूत, अंकित जैन, शिवरतन नामदेव, अमन वर्मा, मकरन सिंह, सुषमा कुलश्रेष्ठ, मीना वर्मा, अर्चना नामदेव, नीलम दास, नीलू खरे, अनिता खरे, राजी राममूर्ति, एस.पी. सिंह, भारती जैन, संतोष मसीह, प्रकाश जॉर्ज, चंद्रकांत पाटील, श्रद्धा यादव समेत बड़ी संख्या में रहवासी एवं शिक्षालय के बच्चे उपस्थित रहे। सभा के बाद लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश भी दिया।

## निगम अमले ने की अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही

### अवैध रूप से बनाया गया जीना, दीवार, झुग्गी, छप्पर भी तोड़े और 02 ठेले जब्त भी किये

**भोपाल(ईएमएस)।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनाया गया जीना, पक्की दीवार, झुग्गी, छप्पर आदि को तोड़ने की कार्यवाही की तथा सड़कों, फुटपाथों आदि पर अवैध रूप से रखी गन्ने की चरखी, ठेले, गुमठी, दो पहिया वाहन, बेरिकेट्स एवं दुकानों के बाहर रखा विभिन्न प्रकार का सामान हटाया और 02 ठेले जप्त करने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को दुर्गा नगर, 80 फिट रोड, अशोका गार्डन, माता मंदिर, नेहरू नगर चौराहा, न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन, आनंद नगर, खजूरी कलां, एस.ओ.एस, बैरागढ़ साधु वासवानी स्कूल, ईदगाह हिल्स, वाजपेयी नगर, बिहारी मोहल्ला, सुभाष नगर, जवाहर चैक से भारत माता चौराहा तक, एम.पी.नगर जोन-01, डी.बी.मॉल, 11 मील ब्रिज के नीचे, कोलार डीमार्ट, जे.के. हास्पिटल, लिंक रोड नं. 01, 02 एवं 03 आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए दुर्गा नगर 80 फिट रोड पर लगाये गये ।

## ऑटो चालक दो नाबालिग साथियों के साथ करता था वाहन चोरी

### ई-रिक्शा, पांच बाइक सहित 7 लाख का माल जब्त

**भोपाल(ईएमएस)।**



अयोध्यानगर थाना पुलिस ने एक ऐसे वाहन चोर गिरोह को दबोचा है, जिसका मुख्य आरोपी ऑटो चलाता है, जो अपने दो नाबालिग साथियो के साथ मिलकर मौका पाते ही बाइक और ई-रिक्शा पर हाथ साफ कर देते थे। तीनो आरोपियो से पुलिस ने ई-रिक्शा , पॉच दोपहिया वाहन सहित 7 लाख का माल जप्त किया है। टीआई महेश लिल्हारे ने बताया की विजासन माई मंदिर के पास नरेला शंकरी अयोध्यानगर निवासी महेन्द्र राजपूत पिता चैन सिह राजपूत (22) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की बीती 22 अप्रैल की रात करीब 10 बजे अज्ञात आरोपी उसके घर के बाहर खड़ा उसका ई-रिक्शा चोरी कर ले गये। इसके साथ ही इलाके में बाइक चोरी की शिकायतें भी मिली थी। वाहन चोरी की बढ़ती वारदातो पर अकुंश लगाने और आरोपियो की धरपकड़ के लिये गठित की गई टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरो के फुटेज, तकनीकि सुरागो के आधार पर आरोपियो की पहचान जुटाई। इसके बाद मुखबीर से मिली सूचना पर रूपनगर इन्ड्रस्ट्रियल एरिया से 3 संदिग्धो को घेराबंदी कर चोरी के ई-रिक्शा सहित पकड लिया। आरोपियो की पहचान आदर्श राजपूत उर्फ गोलू राजपूत पिता कृपाल राजपूत (20) निवासी, ग्राम सलामतपुर जिला रायसेन हाल पता रूपनगर झुग्गी बस्ती थाना अशोका गार्डन सहित दो नाबालिगो के रुप में हुई।

## प्रयास प्रबुद्ध जन मंच के बैनर तले वक्फ़ संशोधन) अधिनियम, 2025 विषय पर संवाद



**भोपाल (ईएमएस)।** प्रयास प्रबुद्ध जन मंच का गठन देश में चल रहे समसामयिक विषयों पर सतत संवाद की मंशा से किया गया है। प्रयास प्रबुद्ध जन मंच के बैनर तले वक्फ़ ( संशोधन) अधिनियम, 2025 विषय पर शनिवार ई-2 , अरेरा कालोनी के गणेश मंच स्थित सामुदायिक भवन में संवाद आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता योगेन्द्र शर्मा, सेवानिवृत्त भाप्रसे के वरिष्ठ अधिकारी एवं विधि व्यवसायी द्वारा संवाद किया गया। वक्फ़ अधिनियम संशोधन की पृष्ठभूमि, प्रमुख बिंदु एवम संशोधन उपरांत निर्मित परिदृश्य पर चर्चा की गई। वक्फ़ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के विषय में समाज में फैलाये जा रहे भ्रम के निवारण के लिये और संवाद का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ने लगभग 45 मिनट संवाद किया और सहभागियों से इस विषय पर चर्चा की।

#### 7 मई से 21 मई तक होंगे आवेदन

## निजी स्कूलों में 5 मई से होंगे आरटीई से एडमिशन



**भोपाल,ईएमएस ।**

मध्यप्रदेश में नए शिक्षा सत्र के लिए निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को एडमिशन दिलाने राज्य शिक्षा केंद्र ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। 5 मई 2025 को निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश देकर कहा है कि प्रदेश में नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जाएगी। इसके लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निः शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया है।

### ऐसे चलेगा एडमिशन का कार्यक्रम

- कैलेंडर के अनुसार 5 मई, 2025 को नि: शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा।
- पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाएगा।
- आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केंद्र में 7 मई से 23 मई तक होगा।

## मध्यप्रदेश में अप्रैल में 83,659 आग की घटनाएं आई सामने

### 90 प्रतिशत पराली से जुड़ी, भोपाल संभाग टॉप पर

**भोपाल,ईएमएस ।**



गेहूं उत्पादन में मध्य प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है, लेकिन फसल की कटाई के बाद खेतों में पराली जलाने में मध्य प्रदेश टॉप पर है। यह बहुत चिंता की बात है। मध्य प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 के बीच प्रदेश में आग की 83,659 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 90 प्रतिशत पराली जलाने के मामले हैं।

प्रदेश में सबसे ज्यादा आग की घटनों में भोपाल संभाग 20 हजार से ज्यादा मामलों के साथ टॉप पर है। यहां पर भी रायसेन जिला और विदिशा जिले में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगाने के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलों में कलेक्टर जुर्माना के साथ ही एफआईआर तक की कार्रवाई कर रहे है। इसके बावजूद पराली जलाने के मामले कम नहीं हो रहे है, जिसका सीधा असर वायु गुणवत्ता पर पड़ रहा है। इन घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में निगरानी और कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है।

जिला प्रशासन, पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीमें लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रही हैं। पर्यावरणविदों का मानना है कि पराली जलाने की जगह वैकल्पिक उपाय जैसे कि मल्चर मशीन, कंपोस्टिंग, और खेत में अवशेष दबाने जैसी तकनीकें अपनाई जानी चाहिए। प्रशासन द्वारा भी किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू किए गए हैं। साथ ही प्रशासन लाउड स्पीकर से जागरूकता अभियान भी चला रहा है।

#### चार माह बाद भी नहीं बनी एक नाम पर सहमति

# अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ होगी प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा

**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र में पिछले तीन माह से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। लेकिन पार्टी अभी तक किसी एक नाम पर मुहर नहीं लगा पाई है। वहीं भाजपा सूत्रों का कहना है कि अब पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कुछ दिन और नहीं होने की संभावना है। ऐसे में कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही अब प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि मप्र में भाजपा के लिए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव अबूझ पहेली बनता जा रहा है।

जिलाध्यक्षों के नाम घोषित होने के बाद प्रदेश को नया अध्यक्ष मिलने की संभावना थी, लेकिन यह इंतजार बढ़ता जा रहा है। जातिगत, राजनीतिक, क्षेत्रीय सहित विभिन्न समीकरणों को टटोलना के बाद जो नाम सतह पर आए भी थे, उन्हें लेकर भी चर्चाएं थम चुकी हैं। तय माना जा रहा है कि अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष का नाम सामने आएगा। गौरतलब है किभाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह कौन लेगा, इसको लेकर लंबे समय से चर्चा



चल रही है। प्रदेश अध्यक्ष की रेस में पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया, बैतूल से विधायक हेमंत खंडेवलवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सदस्य सुमर सिंह सोलंकी के नाम चर्चा में है। वीडी शर्मा के कार्यकाल को पांच साल हो गए है। उनके नेतृत्व में भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत और लोकसभा चुनाव में पहली बार सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज की।

वीडी शर्मा को संगठन केंद्र में बड़ी भूमिका दे सकता है। प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री के होने के चलते सामान्य या ब्राह्मण वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाने की अटकलें लगाई जा रही है। हालांकि संगठन आदिवासी चेहरे को भी मौका दे सकता है। इसका कारण लंबे समय से आदिवासी नेता को प्रदेश की कमान नहीं सौंपी गई है। एससी वर्ग से सत्यनारायण जटिया प्रदेश अध्यक्ष बने, लेकिन आदिवासी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका है। इसका एक कारण जातिगत समीकरण को ध्यान रखते हुए आदिवासी वर्ग को मौका देना भी माना जा रहा है।

### नहीं हो पाया प्रधान का दौरा

जनवरी में चुनाव अधिकारी बनाए गए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रदेश दौरा भी नहीं बन पाया। उन्होंने किसी नाम पर सहमति बनाने के प्रयास किए हों या रायशुमारी का दौर चला हो, ऐसे प्रयास भी सामने नहीं आए हैं। पार्टी नेताओं का अनुमान है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर सहमति के बाद मप्र और उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के अध्यक्षों के नाम घोषित होंगे, लेकिन अब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम भी तय नहीं हो सका है। यह पहला अवसर है, जब भाजपा के संगठन चुनाव में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्षों के चुनाव के चार महीने बाद भी प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर संगठन खाली हाथ है।

### कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल

क्रमांक/थाप्र./तलैया./मर्ग क्र- 11/25 दिनाँक -23/04/25

**जाहिर सूचना**

थाना तलैया के मर्ग क्र 11/25 मृतक पुरुष अज्ञात उम्र करीब 40 साल निवासी अज्ञात की की तलाश हेतु जाहिर सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रो मे किया जाना है।

**मृतक व्यक्ति का हुलिया-** पुरुष उम्र करीब 40 वर्ष निवासी अज्ञात जिसका कद करीबन 5फिट 6 इंच, रंग साबला सिर के बाल काले है चहरे पर घनी दाढी है। शरीर सामान्य है थाना प्रभारी तलैया के मो, 9479990560. -07552677364-24433230 एवं जाचँकर्ता 9981896662 है तो तत्काल संपर्क करें।



G-12013/25

थाना प्रभारी
थाना तलैया भोपाल

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ

**धार, ईएमएस।** विशेष नशामुक्ति अभियान अंतर्गत नालसा (नशा पीडितों एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार विशेष न्यायाधीश श्रीमती मेरी मारग्रेट फ्रांसिस डेविड एवं सचिव प्रदीप सोनी द्वारा शनिवार को जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर सह जेल निरीक्षण किया गया।



## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया, ईएमएस।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर शासकीय पशु चिकित्सालय बिरसिंहपुर पाली के परिसर में पशु चिकित्सालय विस्तार अधिकारी डॉ. डी.पी द्विवेदी की उपस्थिति में जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया व पशु चिकित्सालय के समस्त अधिकारी व चिकित्सा के द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर शपथ का आयोजन कर शपथ ली गई।



### कहानी

# क़सबे का आदमी

कमलेश्वर



सुबह पाँच बजे गाड़ी मिली। उसने एक कंपार्टमेंट में अपना बिस्तर लगा दिया। समय पर गाड़ी ने झाँसी छोड़ा और छह बजते-बजते डिब्बे में सुबह की रोशनी और ठंडक भरने लगी। हवा ने उसे कुछ गुदगुदाया। बाहर के दृश्य साफ़ हो रहे थे, जैसे कोई चित्रित कलाकृति पर से धीरे-धीरे ड्रेसिंग पेपर हटाता जा रहा हो। उसे यह सब बहुत भला-सा लगा। उसने अपनी चादर टाँगों पर डाल ली। पैर सिकोड़कर बैठा ही था कि आवाज़ सुनाई दी, पढ़ो पटे सित्तारम सत्तिारम. . .

उसने मुड़कर देखा, तो प्रवचनकर्ता की पीठ दिखाई दी। कोई ख़ास जाड़ा तो नहीं था, पर तोते के मालिक, रूई का कोट, जिस पर बफ़ीनुमा सिलाई पड़ी थी और एक पतली मोहरी का पाजामा पहने नज़र आए। सिर पर टोपा भी था और सीट के सहारे एक मोटा-सा सोंटा भी टिका था। पर न तो उनकी शक्ल ही दिखाई दे रही थी और न तोता। फिर वही आवाज़ गूँज उठी, पढ़ो पटे सित्तारम सित्तारम. . .

सभी लोगों की आँखें उधर ही ताकने लग गईं। आख़िर उससे न रहा गया। वह उठकर उन्हें देखने के लिए खिड़की की ओर बढ़ा। वहाँ तोता भी था और उसका पिंजरा भी, और उसके हाथ में आटे की लोई भी, जिससे वे फुरती से गोलियाँ बनाते जा रहे थे और पक्षी को पुचकार-पुचकारकर खिलाते जा रहे थे। पर तोता पूरा तोता-चश्म ही था। उनकी बार-बार की मिन्नत के बावजूद उसका कंठ नहीं फूटा। गोलियाँ तो वह निगलता जा रहा था, पर ईश्वर का नाम उसकी ज़बान से नहीं फूट रहा था। लौटते में एक नज़र उसने उन पर और डाली, तो लगा, जैसे चेहरा पहचाना हुआ है। वह अपनी सीट पर आकर बैठ गया। दिमाग़ पर बहुत ज़ोर डाला पर याद नहीं आया। तभी उन्होंने तोते की ओर से दृष्टि हटाकर शिवराज की ओर देखा, अंगूठा और तर्जनी निरंतर एक रफ़्तार से अब भी गोली को शक्ल प्रदान कर रहे थे। माथे पर लहरें डालते हुए और आँखों को गोल कर कुछ अजीब निरीह-सा मुँह बनाकर वे शिवराज को संबोधित करते हुए बोले, शिब्बू शिवराज है न तू?

और अपना नाम उनके मुँह से सुनते ही उसे सब याद आ गया। ये तो छोटे महराज हैं।

वे जाति के वैश्य थे, पर कर्म के कारण महराज पुकारे जाने लगे थे। म्युनिसिपालिटी की दूकानों के पासवाली इमली के नीचे बैठकर वे पानी पिलाया करते थे। क़स्बे की सबसे रौनकदार जगह वही थी। वहीं कुएँ पर छोटे अपनी टाँगें तोड़े, जाँघ तक धोती सरकाए, जनेऊ डाले, चुटिया फहराए, नंगे बदन टीन की टूटी कुरसी पर जमे रहते। गाँववाले पानी पीकर एक-आध पैसा उनके पैरों के बीच उसी कुरसी पर रखकर चल देते। पैसा पाकर वह सामर्थ्य-भर आशीर्वाद देते। जब एक कूल्हा दर्द करने लगता, तो दूसरी तरफ़ ज़ोर डालने के लिए थोड़ा-सा कसमसाते और इसमें अगर कहीं कुरसी ने खाल दाब ली, तो तीन-चार मिनिट लगातार कुरसी को गालियाँ देते रहते। लगे हाथों ननकू हलवाई को भी कोसते, जिसने प्याऊ के लिए यह कुरसी दी थी। तब छोटे महराज की उमर कोई ख़ास नहीं थी, यही 35-36 के क़रीब रही होगी। छोटे महराज के बाप-दादा सोने-चांदी का काम करते थे। काफ़ी पुराना घर था, दूकान थी। पर जब बाप मरे, तो छोटे की उमर बहुत कम थी। माँ पहले ही स्वर्ग सिधार चुकी थीं। बाप के मरने के बाद दूर के रिश्ते की एक चाची आकर सब देखभाल करने लगीं। फिर बहुत बड़ी-सी चोरी हुई और छोटे का घर तबाह हो गया। चाची को तीरथ की सूझी, तो छोटे को साथ लेकर चल दीं। खर्चे की ज़रूरत पड़ने पर एक मुख़्तार से जब-तब रुपए मँगवाती रहीं। छोटे साथ थे, सो रसीद भेजते रहे। आख़िर जब तीरथ से वापस आए, तब पाँच-छह बरस मकान में और रहना हुआ। फिर मुख़्तार ने मूल और ब्याज के बदले एक दिन मकान कुर्क करा लिया, गवाही में छोटे के हाथ की रसीदें पेश कर दीं और औने-पौने में मकान झाड़ दिया। तब से उनकी चाची ने जनाने और अस्पताल में नौकरी कर ली और छोटे बिस्किटों का ठेला लगाने लगे और घूम-घूमकर बाज़ार की सड़कों पर चीखने लगे - एक पैसे में पचास, पचास बिस्किट इनाम ज़ितना लगाओगे, उतना पाओगे -

ठेले में मैदे के छोटे-छोटे बिस्किटों का ढेर लगा रहता। एक कोने पर एक बड़ी-सी फिरकनी रखी रहती, जिस पर नंबर के खाने बने रहते और उस पर एक सुई नाचती रहती। जब कोई पैसा लगाकर घुमानेवाला न मिलता, तो खड़े-खड़े स्वयं घुमाते रहते, जितना नंबर आता, उतने बिस्किट गिनते और फिर ढेर में डालकर अनाज की तरह रोरते रहते। कभी करारे-करारे बीस-पचीस छाँट लेते, सुई घुमाते, अंटी से एक पैसा निकालकर पैसा रखनेवाले फूल के कटोरे में झन्न से मारते और जितना नंबर आता, उतने गिनकर, बाकी ढेर के सुपुर्द कर जलपान कर लेते।

लेकिन इस तरह कैसे पेट पलता। फिर एक होम्योपैथिक डॉक्टर की दूकान को रोज़ सुबह खोलने तथा झाड़ने-पोंछने का काम ले लिया। दो-चार घरों का पानी बाँध लिया। तड़के उठकर चार-चार डोल खींचकर डाल आते और डॉक्टर की दूकान की सफ़ाई आदि करके कोने में पड़े मोढ़े पर इज़्ज़त से दोपहर तक बैठे रहते। डॉक्टर साहब की अनुपस्थिति में मरीज़ों के हालचाल पूछ लेते। कुछ देसी दवाइयों के नुस्खे बताते और जर्मन दवाइयों की अहमियत समझाते।

तभी से छोटे अपने को बहुत-कुछ, एक छोटा-मोटा वैद्य समझने लगे थे। मरीज़ की दशा देखते ही रोग का ऐलान कर देते। तमाम रोगों के इलाज पर उन्होंने दखल जमा लिया था। जब मोतियाबिंद हो जाने के कारण डॉक्टर साहब को दूकान बंद कर देनी पड़ी, तो छोटे अपनी कोठरी में ही एक छोटा-सा औषधालय खोलने का मन्सूबा बाँधने लगे। रतनलाल अत्तार के यहाँ से आठ-दस आने की जड़ी-बूटियाँ भी बँधवा लाए, जिन्हें घोंट-पीस और कपड़छन करके सफ़ेद शीशियों में भरा और ताक में सजा दिया। फ़सली बुखार, हरे-पीले दस्त, नाक-कान-सिर-दर्द की हुक्मी दवाइयाँ बाँटने का ऐलान भी कर दिया। पर गली के परिवारों का सहयोग न मिलने के कारण उन्होंने इस नेक इरादे को छोड़ दिया। सारी हकीमी दवाइयों को थोड़ा-थोड़ा करके चूरन की पुड़ियों में मिलाकर उन्होंने आख़िर अपने पैसे सीधे कर लिए।

इस तरह के न जाने कितने घरेलू धंधे उन्होंने चलाए। जन्म से वैश्य होते हुए भी प्रकृति से परोपकारी होने के कारण उन्हें ब्राह्मणत्व भी प्राप्त करना ही था। इसीलिए जब गली-टोले के लड़कों ने उन्हें प्याऊ पर बैठते देखा और चमकदार काली पीठ पर जनेऊ दिखाई पड़ा, वे वंशगत भावनाओं से अनजान, कर्मगत संस्कारों के आधार पर उन्हें महराज पुकारने लगे। तभी से छोटेलाल छोटे महराज हो गए।

जिस इमली के नीचे वह बैठते थे, उस पर दैव की कृपा से महूक ने छत्ता धर लिया, तो एक दिन अंधियारे पाख में जाकर स्टेशन के पास से एक कंजर पकड़ लाए। छत्ता बटाई पर तै हो गया। पर छोटे महराज शहद का क्या करते। चलते वक़्त उसे कस दिया कि आधे दाम कल आ जाएँ। पर महीना-भर टल गया। झोंपड़ी पर तगादा करने पहुँचे। नगद पैसे तो मिले नहीं, अच्छी-ख़ासी डाँट लगाकर पैसों के बदले में तोता छाँट लिया। कंजर ने मिन्नत की कि तीनों तोते पेशगी दामों के हैं, इस बार जाएगा तो उनके लिए भी पकड़ लाएगा। पर छोटे न माने, दो-चार गालियाँ सुना दीं, तैश में बोले, मेरे पैसे क्या हराम के थे, वह भी तो पेशगी में से ही हैं, ला निकाल जल्दी इस टुइयाँ को। और तभी से यह तोता उनके पास है, जिसे जान की तरह चिपकाए रहते हैं।

शिवराज ने प्रसन्नता से उन्हें देखा। 'पालांगे महाराज' कहकर बोला, इधर निकल आएँ महाराज, बहुत जगह है। जब वह पास आकर बैठ गए तो उसने पूछा, झाँसी किस्के यहाँ गए थे? यहीं एक ब्याह था, उसमें आए थे, आना पड़ा अपनी कहो लेकिन देख, पहचान कैसा। नज़र कमज़ोर है लला, पर अपने गली-कूचे के पले लोगों की तो महक बहुत अच्छी होती है. . . और वे धीरे-धीरे गरदन हिलाने लगे। उँगलियों के बीच गोली अब भी नाच रही थी और पिंजरे में बैठा संतू गोली के लालच से मुँह खोलता, आँखें बंद करता, पर बोलता नहीं था।

बदन तो तुम्हारा एकदम लटक गया है, पहले से चोथाई भी नहीं रहा. . . शिवराज बोला। उसे कुछ दुःख-सा हो रहा था, जब उसने पिछली मरतबा देखा था, तब कितने हट्टे-कट्टे थे। यों उमर का उतार तो था, पर इतना फ़र्क तो बहुत है। भला उमर बने-बनाए आदमी को इतनी जल्दी भी तोड़ सकती है! गाड़ी की चाल धीमी पड़ गई। छोटे महराज ने संतू के पिंजरे को तनिक ऊपर उठाया। उसकी ओर प्यार-भरी दृष्टि से निहारते रहे। तोता कुछ बोला। छोटे महराज के मुख पर मुसकान दौड़ गई। बड़े स्नेह से पुचकारते हुए शिवराज को बताने लगे, इसका नाम संतू है! यानी संत ज़ब बोले तो बानी बोले, हाँ, संत बानी सित्ताराम! इतना कहते-कहते वे अपनी ही बात में डूब गए।

गाड़ी रुकी, कोई मामूली-सा स्टेशन था। छोटे महराज ने पेट पर हाथ फेरा और सिर हिलाते हुए बोले, देखो शिब्बू, कुछ खाने-पीने का डौल है यहाँ?

मिठाईवाला पास से गुज़रा, शिवराज ने रोक लिया। छोटे महराज बोले, कुछ ठीक-ठाक हो तो पाव-आध पाव. . .

मिठाई लेकर पैसे शिवराज ने दे दिए। दोनों हाथों में दोना पकड़कर शिवराज के सामने करते हुए वह बोले, लो शिब्बू, चखो तो ज़रा, अच्छी हो तो पाव-भर और ले लो। और इससे पहले कि शिवराज चखे, उन्होंने खुद पोपले मुँह में एक टुकड़ा डालते हुए अपनी राय प्रकट कर दी, है तो अच्छी बुलाओ उसे। शिवराज को बात कसक गई। वह चुप ही बैठा रहा। झाँककर मिठाईवाले को बुलाने की कोई दिखावटी चेष्टा भी उसने नहीं की। पर जैसे ही मिठाईवाला फिर गुज़रा, उनकी दृष्टि पड़ गई। उसे रोकते हुए बोले, हाँ भाई, ज़रा पाव-भर और देना तो। फिर शिवराज की ओर मुख़ातिब होकर बोले, ले लो, शिब्बू असल में बात यह है कि मुझसे अब कोई ऐसी-वैसी चीज़ तो खाई नहीं जाती, दाँत ही नहीं रहे। खोया-वोया थोड़ा आसान रहता है न। कहकर उन्होंने निष्काम भाव से खाना शुरू कर दिया।

पैसे उसने फिर दे दिए। खाते समय छोटे महराज का निरीह-सा मुँह और एकदम सट जानेवाले जबड़े देखकर उसे रहम आ गया। उनकी झुकी गरदन, बार-बार पलकों का झपकना और ज़रा-ज़रा करके खाना, जैसे सारे कार्य और तन की सारी भाव-भंगिमाओं में लाचारी थी। उन्होंने एक टुकड़ा पिंजरे में डाल दिया। तोते ने खा लिया। पुचकारते हुए उन्होंने फिर एक टुकड़ा डाल दिया। वे स्वयं खाते रहे और संतू को खिलाते रहे। फिर बात चल निकली और उसी के मध्य उनका स्टेशन भी आ गया। स्टेशन से बाहर आने पर शिवराज और छोटे महराज एक ही इक्के में बैठ गए। दो सवारियाँ और हो गईं। इक्का चला तो हचकोला लगा। छोटे महराज अपने तोते के पिंजरे को पटरे से बाहर लटकाए किसी तरह बैठे रहे। अस्पताल के पास वह इक्के से उतर पड़े। संतू का पिंजरा पटरी पर रख दिया और झोले में से कुछ निकालते हुए कहने लगे, मैं यहीं उतर जाता हूँ। चाची को ब्याह का हालचाल बताकर कोठरी पर आऊँगा! हाँ, तुमसे एक काम है। ये एक कपड़ा है सिलक का, वहीं शादी में मिला था। मेरे तो भला क्या काम आएगा, तुम अपने काम में ले आना! बात खतम करते-करते वह कपड़ा झोले से निकालकर शिवराज की गोद में रख दिया। शिवराज ने लेने से इनकार कर दिया। पर वे नहीं माने। शिवराज भी नहीं माना, तो बड़े झुंझलाकर कपड़ा इक्के में फेंककर संतू का पिंजरा, झोला और सोंटा लेकर बड़बड़ाते चल दिए, अरे पूछो मेरे किसी काम का हो तो एक बात भी है। ज़िंदगी-भर में एक चीज़ दी, उससे भी इनकार स़ब वक्त की बातें हैं, रहम दिखाते हैं मुझ पर, तेरे बाप होते तो अभी इसी बात पर चटख जाती। फिर मुड़कर ऊँचे स्वर में बोले, पैसे नहीं हैं मेरे पास, इक्केवाले को दे देना। और वे जनाने अस्पताल के फाटक में गुम हो गए। दूसरे दिन सवेरे छोटे महराज अपनी कोठरी में दिखाई दिए। देहरी पर बैठे-बैठे कराह रहे थे। कभी-कभी बुरी तरह से खाँस उठते। साँस का दौरा पड़ गया था। गली से शिवराज निकला तो पिछले दिन वाली बात के कारण उसकी हिम्मत कुछ कहने की नहीं पड़ी। सोचा कतराकर निकल जाए, पर पैर ठिठक रहे थे। तभी हाँफते-हाँफते छोटे महराज बोले, अरे शिब्बू! फिर कराहकर टुकड़े-टुकड़े करके कहने लगे, दौरा पड़ गया है, कल रात से, हाँ, अब कौन देखे संतू को। बड़ी ख़राब आदत है इसकी, गरदन सलाख से बाहर कर लेता है।

साभार..

### सुविचार

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है। – जॉन टिलोटसन

जब भी कोई हंसने का अवसर मिले तो, 'हंसे' यह एक सुलभ दवा है।

– लार्ड ब्रायन

### प्रसंग...

## मेहनत की कमाई

काशी में एक कर्मकांडी पंडित का आश्रम था, जिसके सामने एक जूते गांठने वाला बैठता था। वह जूतों की मरम्मत करते समय कोई न कोई भजन जरूर गाता था। लेकिन पंडित जी का ध्यान कभी उसके भजन की तरफ नहीं गया था। एक बार पंडित जी बीमार पड़ गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। उस समय उन्हें वे भजन सुनाई पड़े। उनका मन रोग की तरफ से हट कर भजनों की तरफ चला गया। धीरे-धीरे उन्हें महसूस हुआ कि जूते गांठने वाले के भजन सुनते-सुनते उनका दर्द कम हो रहा है। एक दिन एक शिष्य को भेज कर उन्होंने उसे बुलाया और कहा, भाई तुम तो बहुत अच्छा गाते हो। मेरा रोग बड़े-बड़े वैद्यों के इलाज से ठीक नहीं हो रहा था लेकिन तुम्हारे भजन सुन कर मैं ठीक होने लगा हूं। फिर उन्होंने उसे सौ रुपये देते हुए कहा, तुम इसी तरह गाते रहना। रुपये पाकर जूते गांठने वाला बहुत खुश हुआ। लेकिन पैसा पाने के बाद से उसका मन कामकाज से हटने लगा। वह भजन गाना भूल गया। दिन-रात यही सोचने लगा कि रुपये को कहां संभालकर रखे। काम में लापरवाही के कारण उसके ग्राहक भी उस पर गुस्सा करने लगे। धीरे-धीरे उसकी दुकानदारी चौपट होने लगी। उधर भजन बंद होने से पंडित जी का ध्यान फिर रोग की तरफ जाने लगा। उनकी हालत फिर बिगड़ने लगी। एक दिन अचानक जूते गांठने वाला पंडित जी के पास पहुंचकर बोला, आप अपना पैसा रख लीजिए। पंडित जी ने पूछा, क्यों, क्या किसी ने कुछ कहा तुमसे? जूते गांठने वाला बोला, कहा तो नहीं, लेकिन इस पैसे को अपने पास रखूंगा तो आप की तरह मैं भी बिस्तर पकड़ लूंगा। इसी रुपये ने मेरा जीना हराम कर दिया। मेरा गाना भी छूट गया। काम में मन नहीं लगता, इसलिए कामकाज ठप हो गया। मैं समझ गया कि अपनी मेहनत की कमाई में जो सुख है, वह पराये धन में नहीं है। आपके धन ने तो परमात्मा से भी नाता तुड़वा दिया।

### जरा हटके

## धीरे-धीरे आसमान में तारे दिखना हो जाएंगे बंद

**लंदन (ईएमएस)।** वैज्ञानिकों की माने तो धीरे-धीरे हमें आसमान में तारे दिखना पूरी तरह से बंद हो जाएंगे।जानते हैं कि इसकी क्या वजह होगी इसके लिए इंसान कितने जिम्मेदार होंगे क्या इसके लिए किसी तरह का प्रदूषण जिम्मेदार होगा जानते हैं इन सवालों के जवाब।बचपन में हमें आसमान की तरफ इशारा करके एकसाथ दिखते सप्तर्षि, सबसे ज्यादा चमकदार बृहस्पति और कभी अपनी जगह नहीं बदलने वाले ध्रुव तारे के बारे में बताया जाता था।लेकिन, शायद हम अपनी आने वाली पीढ़ी को ऐसा कुछ भी नहीं दिखा पाएंगे।

दरअसल, वैज्ञानिकों का कहना है कि महज दो दशक के भीतर आसमान में तारे दिखने बंद हो जाएंगे।हालात अभी से बिगड़ने लगे हैं, क्योंकि अभी से काफी तारे आसमान में नहीं दिखते हैं।वैज्ञानिकों ने बताया है कि आखिर क्यों अगले दो दशक में तारे गायब हो जाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश एस्ट्रोनोमर मार्टिन रीस ने दावा किया है कि लाइट पॉल्यूशन के कारण पिछले कई साल से तारे दिखने कम हो गए हैं।उनके मुताबिक, एलईडी और लाइट के दूसरे सोर्सेज के बढ़ते इस्तेमाल के कारण हमारा आकाश आर्टफिशियल लाइट से जगमगा रहा है।उनका कहना है कि अगर हम लगातार ऐसा ही करते रहे तो ये हमारे लिए बड़ी मुसीबत का कारण बन जाएगा।रीस का कहना है कि लाइट पॉल्यूशन के कारण हमारी अगली पीढ़ी तारे नहीं देख पाएंगी।जर्मन सेंटर फॉर जियोसाइसेंस के क्रिस्टोफर कबा के मुताबिक, टिमटिमाते तारों से जगमगाता आसमान धीरे-धीरे दुर्लभ होता जा रहा है।

### हास-परिहास

## सप्ताह की प्रमुख ख़बरों पर व्यंग्यकार की चुटकी



ओम वर्मा

एनआईए की सूचना पर एफ़बीआई की अमेरिका में कार्रवाई- भारत में 16 वारदातों में वांटेड रहा आतंकी हैप्पी गिरफ़्तार। उसे सीधे भारत डिपोर्ट किया जाएगा। इधर देश में 40 लाख के चार नक्सली गढ़चिरौली में गिरफ़्तार।

या तो मारे जा रहे, या हो रहे अरेस्ट।
नक्सल या आतंक पर, शायद यह है बेस्ट॥

महाराष्ट्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा एक से पाँच तक हिंदी को अनिवार्य करने पर शुरू हुआ विरोध।

दुनिया में हिंदी रही, भारत की पहचान।
नहीं मराठी की घटे, इससे कोई शान॥

राहुल गांधी ने बोस्टन में फिर निर्वाचन आयोग पर उठाए सवाल, कहा कि सिस्टम में गड़बड़ी, महाराष्ट्र में 2 घण्टे में 65 लाख वोट कैसे पड़े?

अटक गई है फिर सुई, पची न अब तक हार।
कैसे हो अब सोचिए, दल का बेड़ा पार॥

पहलगाम पर्यटकों पर पाक आतंकियों का कायराना हमला। पीएम ने आते ही पहले एयरपोर्ट पर व फिर सीसीएस की मीटिंग ली। पाक के ख़िलाफ़ सिंधु जल समझौते सहित पाँच अन्य कड़े फैसले लिए। गुनहगारों को ख़त्म करने का बड़ा अभियान शुरू।

लातों के हैं भूत जो, वहाँ बात है व्यर्थ।
बात करें उनसे वही, जिसका समझें अर्थ॥

पहलगाम में पाक आतंकियों द्वारा किए गए आतंकी हमले के बाद भारत के आक्रामक तेवर और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी द्वारा मिल रहे समर्थन से बौखलाकर पाकिस्तान ने दी परमाणु युद्ध की गीदड़ भभकी।

एटम बम के युद्ध से, दोनों को नुक़सान।
लेकिन पाकिस्तान का, क्या बच सके निशान॥

### फोटो ऑफ द डे



इक्वेडोर में आये भूकंप के बाद अपने ध्वस्त घर के सामने खड़ा एक परिवार। (फोटो-ईएमएस)

### व्यंग्य

## संभावनाएँ बहुत हैं...!

–गुरमीत बेदी

ग़रीब की मजबूरियों, मुल्क की समस्याओं और लीडर के बहानों की तरह मेरे बेटे के सवालों का भी कोई अंत नहीं है। उसका ताज़ा सवाल नव वर्ष के ग्रीटिंग कार्ड में अंकित इन शब्दों को लेकर है कि नया साल, नई संभावनाएँ लेकर आए। बेटा पूछ रहा है कि ऐसी कौन सी संभावनाएँ हैं जो बीते साल अपना जलवा दिखाने से रह गई थी और इस साल धूम मचाएँगी? लगे हाथ वह यह भी पूछ रहा है कि %पापा, नई संभावनाएँ लेकर कौन आएगा? किस कंपनी को सरकार ने नई संभावनाएँ लेकर आने का परमिट दिया है और उक्त कंपनी किस लीडर के रिश्तेदार की है? वह जो संभावनाएँ लेकर आएगी, उनकी क्वालिटी किस तरह की होगी? संभावनाएँ स्वदेशी होंगी या विदेशी...? बेटे को सवाल की खाल उतारते देख मुझे गुस्सा आ जाता है। मैं उसे सवालों के बाकी तीर अपने तरकश में रखने की हिदायत देता हूँ और खुद संभावनाओं की पिटारी खोलकर बैठ जाता हूँ।

बेटा, जिस चीज़ के साथ भावनाएँ जुड़ी हों और इन भावनाओं की ख़ातिर आदमी कुछ भी करने को तैयार हो जाए तो उसे 'संभावना' कहते हैं। संभावनाएँ कई किस्म की होती हैं और इनकी दुनिया अनंत है। संभावनाएँ कभी ख़त्म नहीं होतीं। चंबल के बीहड़ों में अगर डकैती, फिरौती का धंधा मंदा हो रहा हो तो फिर किसी सत्ताधारी लीडर के सामने आत्मसमर्पण करके राजनीति में घुस जाओ। डकैतियों में जितना नाम कमाया होगा, राजनीति में चमकने की उतनी ही संभावनाएँ हैं। इसी तरह फ़िल्मों और सीरियलों में करतब दिखाने के बाद राजनीति में करतब दिखाने की संभावनाएँ चोखी होती हैं। वहाँ भी अभिनय करना पड़ता है और यहाँ भी अभिनय करना पड़ता है। जो आदमी अभिनय में माहिर है, उसके लिए संभावनाएँ ही संभावनाएँ हैं। इसी तरह किसी को सफ़ेद झूठ बोलने, लारे-लप्पे लगाने, सब्ज़बाग़ दिखाने, दूसरों को धमकाकर अपना उल्लू सीधा करने और बात कहकर मुकर जाने में महारत हासिल है, तो उसमें भी राजनीतिज्ञ बनने की अपार संभावनाएँ छिपी होती हैं। एक लीडर से किसी पत्रकार ने पूछा कि आप अपना मंत्रालय क्यों बदलना चाहते हैं? क्या ब्यूरोक्रेसी घास नहीं डाल रही या फिर कोई समस्या है? इस पर उक्त लीडर मुस्कराते हुए बोले - नहीं, ऑफ़ दी रिकार्ड कहूँ तो ब्यूरोक्रेसी तो मेरे साथ ही मिली है। सच्ची बात यह है कि इस मंत्रालय में जितनी संभावनाएँ थीं, उन सभी संभावनाओं का मैं दोहन कर चुका हूँ। अब यह मंत्रालय रस विहीन आम की गुठली बन कर रह गया है। इसलिए नई संभावनाओं की तलाश के लिए नया मंत्रालय चाहता हूँ और नए मंत्रालय की कामना करने के लिए मैं दिन-रात हाई कमान को मक्खन लगाता रहता हूँ...। संभावनाएँ आदमी को कुछ नया करने की प्रेरणा देती हैं और इन्हीं प्रेरणाओं से वशीभूत होकर लीडर लोग द्विपक्षीय संबंध मज़बूत करने का एजेंडा लेकर विदेशों में जाते हैं और तेल सौदों से लेकर दूसरे कई किस्म के सौदों में अपना टाँका फिट कर आते हैं। इससे द्विपक्षीय संबंध भी मज़बूत हो जाते हैं और संभावनाओं का दोहन भी हो जाता है। स्विस बैंकों में खाता खुलवाना भी नई संभावनाओं को सलाम बजाने की तरह होता है। नई संभावनाओं का मतलब यह भी होता है कि स्टिंग आप्रेशनों और विरोधियों की आँख से बचते हुए रिश्वत के नए तौर-तरीके ईजाद किए जाएँ। जनता को पटाने के लिए नए मुद्दे हवा में उछाले जाएँ और विरोधियों का पायजामा गीला करने के लिए नए षडयंत्र बुने जाएँ। नई संभावनाओं का स्कोप कहाँ नहीं है? पारिवारिक और सामाजिक ज़िंदगी में भी संभावनाओं की तितलियाँ पंख फड़फड़ाती रहती हैं। कई शादीशुदा मर्द अपनी बीवी से प्यार का नाटक करते हुए इधर-उधर भी मुँह मारने की संभावनाएँ तलाशते रहते हैं। फ़िल्मी दुनिया में भी निर्माता-निर्देशक संभावनाओं की तलाश में रहते हैं और रातों-रात हीरोइन बन जाने का ख्वाब देखने वाली भोली-भाली लड़कियाँ इन संभावनाओं की बलि चढ़ जाती हैं।

### राज काज

## गरीबों के पोप चले गए

कैथोलिक समुदाय के ईसाई धर्म गुरु पोप फ्रांसिस का वेटिकन सिटी में निधन हो गया। वह 88 साल के थे। 1300 वर्षों की पोप परंपरा में सबसे अलग तरह के पोप थे। वह पोप के आलीशान महल में नहीं रहे। साधारण घर में उन्होंने निवास किया।पोप की सोने की अंगूठी की जगह चांदी की अंगूठी पहनी। महंगी महंगी कारों के स्थान पर छोटी कारों, ट्रेन और बसों में चलना उन्होंने पसंद किया। गरीबों के लिए दिन हो या रात, उनसे मिलने और मदद करने में उन्होंने कभी कोई गुरेज नहीं किया। गरीबों की हर संभव मदद की।पोप के द्वार बिना किसी भेदभाव के हर समुदाय के लिए खुले हुए थे।पोप आधुनिक विचारधारा के साथ जुड़कर समलैंगिक व्यक्ति यों के चर्च आने, सेम सेक्स के कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर विवाह को मान्यता देने जैसे मामले में उन्होंने उदारता का परिचय दिया। वह सभी के विचारों का सम्मान करते थे। दुनिया के वह ऐसे धर्म गुरु हुए हैं। जिन्होंने सभी धर्मों का सम्मान करते हुए एक नई इबारत लिखकर अपने जीवन को पूर्ण किया है।

## विपक्ष ने सरकार को दूल्हा बना दिया

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नरसंहार में 27 पर्यटक मौत के घाट उतार दिए गए थे इस घटना के बाद जम्मू कश्मीर के लोगों ने घटना के विरोध में जम्मू कश्मीर को बंद रखा पर्यटकों को बचाने में घाटी के एक मुसलमान की मौत हुई तीन मुसलमान और इसाई की भी मोत इस घटना में हुई है। विपक्ष ने भी एक इस घटना का विरोध करते हुए सर्व दिल्ली बैठक में सरकार को पाकिस्तान और आतंकवाद के मामले में सरकार के हर फैसले में समर्थन देने की बात कही है। इस स्थिति में अब सरकार के गले में घंटी बंध गई है। सरकार घंटी बजायेगी विपक्ष और जनता सरकार के पीछे चलकर सरकार का साथ देगी। जो करना है वह सरकार को ही करना है। इस घटना पर भाजपा जो राजनीति करना चाहती थी। वह मौका उसके हाथ से निकल गया है।

### चिंतन-मनन

## संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे।

उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।

कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं।

सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

### स्वास्थ्य

## विटामिन बी12 की कमी से भी आती है ज्यादा नींद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हेल्थ एक्सपर्टस की माने तो कुछ विशेष विटामिन्स की कमी शरीर को एक्टिव बनाए रखने में बाधा डाल सकती है, और जब इनकी कमी होती है, तो हर वक्त नींद महसूस होती है। हाल ही में किए गए एक शोध में यह पाया गया कि दिनभर नींद आने की समस्या बढ़ रही है, और 10 से 14 प्रतिशत लोग इससे जूझ रहे हैं। इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं जैसे स्लीप एप्निया, सर्केडियन रिदम डिसऑर्डर, दवाओं का असर, डिप्रेशन, मानसिक समस्याएं और हाइपरसोम्निया। हालांकि, विटामिन बी12 की कमी भी इस समस्या का कारण हो सकती है। विटामिन बी12 की कमी से शरीर में ऊर्जा का उत्पादन प्रभावित होता है, जिससे थकान और नींद की समस्या होती है। विटामिन बी12 शरीर के नर्वस सिस्टम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब इसका स्तर कम हो जाता है, तो थकान, कमजोरी और दिनभर नींद आने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा, विटामिन बी12 की कमी से मस्तिष्क के कार्यों पर भी असर पड़ता है, और व्यक्ति किसी भी कार्य पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। स्लीप एक्सपर्ट्स के अनुसार, विटामिन डी की कमी भी अधिक नींद आने का कारण हो सकती है।

### जैन समाज ने की मुंबई में तोड़े गए जैन मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले के मुंगावली में जैन समाज ने शनिवार को राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। समाज ने बाजार में रैली निकालकर अपनी मांगें रखीं। ज्ञापन में दो प्रमुख मुद्दे उठाए गए। पहला, कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की जाति पूछकर की गई हत्या के विरोध में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। समाज ने आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की।

### 5 मई से 5 जून तक होगा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**खरगोन, ईएमएस।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर पुलिस कन्ट्रोल रुम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 5 मई से एक माह के खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसपी धर्मराज मीना ने शिविर की रूपरेखा, प्रतिभागियों की संख्या, प्रशिक्षण सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक संसाधनों पर चर्चा की।

### पूर्व सांसद के गांव में गरीब परिवारों के हाल-बेहाल

## दो दर्जन से अधिक परिवारों ने सौंपा ज्ञापन, पीएम आवास दिलाने की मांग

**अशोकनगर।**

जिले के पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव के गांव रुसल्ला की हरिजन बस्ती आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक पक्के मकानों का सपना देख रहे दर्जनों गरीब परिवारों को राहत नहीं मिली है।

शुक्रवार की शाम बस्ती की दो दर्जन से अधिक महिलाएं ट्रैक्टर ट्राली से जिला पंचायत कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि बस्ती में करीब 50 परिवार कच्चे और जर्जर घरों में रहने को मजबूर हैं। ये सभी गरीब और मजदूरी करने वाले लोग हैं। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी केवल आश्वासन मिला है।

महिलाओं का कहना है कि गांव से सांसद रहने के बावजूद उन्हें इस तरह परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीण महिला गीताबाई के अनुसार, गांव में लगभग 50 घरों की बस्ती है। इनमें से करीब 40 परिवारों को आवास नहीं मिले हैं। पूरी बस्ती में केवल एक हैंडपंप है। पानी की समस्या के साथ-साथ कच्ची सड़क की भी समस्या है। बारिश के मौसम में घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है।

## भाजपा पछार मण्डल की कार्य समिति घोषित

**अशोकनगर, ईएमएस।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की सहमती से जिले के पछार मण्डल की कार्य समिति की घोषणा शुक्रवार देर रात की गई।

उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि पछार मंडल में अध्यक्ष सनत शर्मा, उपाध्यक्ष शिवराम यादव पथरिया, तुषार खेर, कपिल शर्मा, नरेन्द्र रघुवंशी तायड़े कॉलोनी, श्रीपाल यादव, महामंत्री परमवीर सिंह बोपाराय खड़ीचरा आदि को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त मंडल कार्य समिति को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए निष्ठा पूर्वक कार्य कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है।

## गौवंश की प्यास बुझाने गौसेवकों ने रखवाई पानी की टंकी

**अशोकनगर, ईएमएस।**



गर्मी मे मवेशियों को पेयजल की समस्या ना हो, इसके लिए गौसेवकों द्वारा पानी की टंकी रखवाई जा रही है। राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद सदस्य चंद्रपाल ने बताया की जिले मे गर्मी के आते हीं आम लोगों से लेकर पशु पक्षियों तक पर पेयजल का संकट मंडराने लगा है।

इंसान तो कही भी जाकर पानी पी सकता है। खरीद कर पी सकता है, लेकिन बेजुबान जीव कहा जायेगे। इसलिए कई वर्षों से इन बेजुबानों जीवो को पानी पीने के लिए टंकी की व्यवस्था कर रहे है, साथ यह भी सुनिश्चित कर रहे है। की इन टंकियों में नियमित रूप से साफ पानी भरा जाये। जिससे गायों को प्यास से भटकने के लिए मजबूर ना होना पड़े, अभी तक पांच प्रमुख जगहों पर टंकियां रखवा दी गईं है। नहर कालोनी, मंडी, रामपुरा, त्रिलोकपुरी कालोनी में और पक्षियों के लिए सकोरा रखवाएंगे। ग्रुप सदस्य अभिषेक मोहरी, सोहित राजपूत, कपिल केवट आदि मौजूद रहे।

### पटवारी ने नियम विरुद्ध अपने ही हलके में खरीद ली जमीन

# पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज कर कराया नामांतरण, पुराने रिकॉर्डों का नहीं किया निरीक्षण

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले की शाढ़ौरा तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार किस तरह फल-फूल रहा है, इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शाढ़ौरा तहसील में पदस्थ एक पटवारी द्वारा अपने ही हलके में नियू विरुद्ध जमीन खरीद ली गई वहीं पुराने रिकॉर्डों का निरीक्षण किये बगैर पोर्टल पर गलत जानकारी दर्ज कर नामांतरण आदेश जारी करा लिया गया। दोनो ही मामलों के सामने के बाद पटवारी द्वारा, ऑनलाइन विक्रेता का नाम दर्ज होना, जमीन खरीदने की अनुमति लिए जाने की बात कही है।

जानकारी अनुसार जिले की शाढ़ौरा तहसील अंतर्गत ग्राम कुरवाद पटवारी हल्का भैंसरवास में वर्ष 2007 में ऑफलाइन के समय धूमन सिंह दांगी की जमीन सर्वे नंबर 178/1/4 रकवा 0.418 को धूमन सिंह ने सुलोचना पत्नी रामबाबू दांगी को विक्रय कर दी। इसके बाद वर्ष 2013 के लगभग सुलोचना दांगी ने यह जमीन शिवम तामरे को विक्रय कर दी। चूंकि तत्कालीन पटवारी द्वारा इस जमीन को अमल नहीं किया गया। इस कारण यह ऑनलाइन नाम विक्रेता धूमन सिंह का ही चला आ रहा है। यही भूमि वर्ष 2024 में धूमन सिंह के द्वारा ऑनलाईन विक्रय पत्र जितेंद्र तोमर के नाम कर दिया। वर्ष 2025 में पटवारी अरुणा कलावत द्वारा साइबर तहसीलदार भोपाल को पटवारी ने जानबूझकर गलत जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर नामांतरण आदेश कराकर अमल कर दिया। जबकि शासन का नियम और पटवारी का कर्तव्य है कि पुराना रिकॉर्ड निरीक्षण किए बगैर कोई भी पटवारी रिपोर्ट नहीं लगा सकते।

**बगैर अनुमति खरीदी जमीन:** पटवारी अरुणा कलावत द्वारा शाढ़ौरा तहसील में पदस्थ रहते हुए, ग्राम तोंकली पटवारी हल्का भैंसरवास तहसील शाढ़ौरा में सर्वे क्रमांक 82/2/1 तथा सर्वे क्रमांक 83/2/1 की जमीन शासन के नियम विरुद्ध खरीदी है। शासन के नियम अनुसार कोई भी पटवारी अपने सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर इस तरह जमीन नहीं खरीद सकते।

**इनका कहना**

पोर्टल पर विक्रेता का नाम आ रहा है, इस कारण रिपोर्ट लगाई, जमीन खरीदने के मामले में अनुमति ले ली थी, और उसमें ऐसा कुछ गलत भी नहीं है।

**अरुणा कलावत,**
**पटवारी तहसील शाढ़ौरा जिला अशोक नगर।**

### नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।** पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रधान आरक्षक से निरीक्षक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी का 3 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रधान आरक्षक से निरीक्षक की कार्यप्रणाली में गुणवत्ता एवं आधुनिक तकनीकियों की उपयोग के साथ-साथ वर्तमान में लागू किये गये नवीन अधिनियमों के विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही विवेचना में फोरेंसिक साईस, फिंगर प्रिंट, ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर एवं आधुनिक उपकरण प्रणाली के उपयोग के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पश्चात प्रश्नोत्तरी की गई जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थीयों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया गया तथा अपनी जिज्ञासाओं को लेकर प्रश्न किए गए, प्रशिक्षकों द्वारा पूछे गये सभी प्रश्नों के संतुष्टि पूर्वक उत्तर दिये। प्रशिक्षण में एडीपीओ नम्रता शर्मा, एडीपीओ शबनम बानो, निरीक्षक मनीष चौहान, उप निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सीसीटीएनएस प्रभारी सरिता रघुवंशी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित हुई हाईफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला

**अशोकनगर, ईएमएस।**

पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये विभिन्न इकाईयों में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य हेतु हार्टफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला का आयोजन शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया।

जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। हाईफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक महेन्द्र रघुवंशी द्वारा बताया गया कि पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों में तनाव एक गंभीर मुद्दा है जो उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों को प्रभावित करता है। तनाव के कई कारण हो सकते है।

ध्यान एवं योग के नियमित अभ्यास से जीवन में आने वाले तनाव को कम किया जाकर व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से सुदृढ़ हो सकता है। ध्यान एवं योग से जीवन में सकरात्मकता एवं उत्साह का समावेश होता है। हमें इसका नियमित अभ्यास करना चाहिये। हाईफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला लगातार 3 दिवस तक चलेगी जिसमें प्रथम दिवस मेडीटेशन एण्ड रिलेक्सेशन, द्वितीय दिवस क्लीनिंग प्रोसेस एण्ड मेडीटेशन एवं तृतीय दिवस प्रार्थना एण्ड मेडीटेशन जैसी क्रियायें आयोजित की जाएगी।

### यूपीएससी में चयन के बाद घर आये आशीष, स्टेशन पर किया स्वागत

**अशोकनगर, ईएमएस।** डंगोरा फूड गांव के आशीष रघुवंशी ने यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम 2024 में ऑल इंडिया 202वीं रैंक हासिल की। रिजल्ट आने के बाद वे अपने माता-पिता के साथ शुक्रवार दोपहर अशोकनगर आये। स्टेशन पर दोस्तों और परिजनों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। उनके साथ पिता नरेश रघुवंशी भी थे। वे ग्वालियर में एएसआई हैं। आशीष की शुरुआती पढ़ाई अशोकनगर में हुई। 12वीं की पढ़ाई गुना से की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया। 2022 से दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। यह उनका पहला अटेम्प्ट था।

## नपाध्यक्ष सहित उनकी परिषद ने पहलगाम में दिवंगत लोगों को दी श्रद्धांजलि

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव और उनकी परिषद द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सभी ने दिवंगतों के लिए दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं नगरपालिका में सभापतिगण आरती बैस, प्रेमा पांडेय, निर्मला राय, रिचा तिवारी, शिल्पा गौर, संध्या कुशराम, कंचन चौकसे, सुषमा खत्री, दीपिका राठौर, राजकुमारी मेषकर, पूजा मालवीय, नैना सोनी, सिमरन रैकवार एवं पार्षद रेखा यादव उपस्थित रहीं।





## पहलगाम आतंकी हमले का विरोध, विहिप ने पुतला फूंका

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले के शाढ़ौरा कस्बे में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने पास आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला फूंका। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने कहा कि सरकार को आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद इसमें सरकार का पूरा सहयोग करेंगे।

## नल जल योजना का कड़वा सच, 129 करोड़ खर्च फिर ग्रामीण जल को तरस रहे




**बुरहानपुर, ईएमएस।**

वर्ष 2019 में जिले में 129 करोड़ से नल जल योजना की शुरुआत की गई इसके पहले चरण में जिले की सभी ग्राम पंचायत में टंकियो का निर्माण और पाइप लाइन बिछाकर हर घर नल और स्वच्छ जल पहुंचना इस योजना का मुख्य उद्देश्य था केंद्र की इस योजना में 129 करोड़ खर्च हुए देश में बुरहानपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रशासनिक अधिकारियों ने खूब वाह वाही लूटी राष्ट्रपति से सम्मानित हुए लेकिन धरातल का सच यह है कि जिले ग्राम पंचायत में आज भी पेयजल को तरस रही है कोसों पैदल चलकर ग्रामीण महिलाएं पेयजल की जुगाड़ कर रही है।

ग्रामीण आज भी गड्ढे खोदकर उस से मठ मैला दूषित जल पीने को मजबूर है शासन की नल जल योजना के घरों के बाहर लगे नल और ग्राम में पानी की टंकियां इस योजना का मखौल उड़ा रही है जिले में भीषण गर्मी का दौर है पारा 44 डिग्री पार कर चुका है लेकिन राजनेता केवल राजनीति में लगे हैं नल जल योजना का ग्रामीणों को लाभ नहीं मिला इस पर उनका कोई ध्यान नहीं है अब भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर कलेक्टर स्वयं मैदान में है संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण अंचलों में पानी पहुंचाने के निर्देश दे रहे हैं लेकिन जिले भर में नल जल योजना की 100त्न सफलता और लक्ष्य पूर्ति के बाद भी समस्या क्यों आ रही है इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है आखिर 129 करोड़ खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्यों प्यासे है क्या यही इस योजना का सच है।

## कॉलेज स्टॉफ और विद्यार्थियों को दिया सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण

**खरगोन, ईएमएस।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में शनिवार को इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। वरिष्ठ एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. जेके सिंह ने अचानक हृदयगति रुकना या बेहोशी में जीवन रक्षक तकनीकों से कैसे बचाव किया जा सकता है इसका प्रशिक्षण किया। डॉ. मोनिका पालीवाल ने कहा इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं को न केवल जीवन रक्षक कौशल सिखाते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी सजग बनाते हैं। क्लब की अध्यक्ष श्रीमती उमा सोमानी, राधा अग्रवाल, पूर्णिमा बारचे, प्रीति जैन, प्रीति चावला, उमा राठौड़, खुशी अग्रवाल, डॉ. वंदना बर्वे, डॉ. ललिता बर्गे, धर्मेंद्र पाटीदार सहित बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओं मौजूद रहे। संचालन प्रभारी प्राचार्य डॉ. जी.एस चौहान एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी के निर्देशन में हुआ।

### 10 मई को होगी नेशनल लोक अदालत,

## विद्युत प्रकरणों के निपटारे के लिए प्रचार- प्रसार के दिए निर्देश

**खरगोन, ईएमएस।**



सस्ता, सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत आगामी 10 मई को आयोजित होगी। इस अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा हो, खासकर बिजली बिल संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया।

षष्ठम जिला न्यायाधीश केपी मरकाम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक मेंन्यायालयीन एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का राजीनामें के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में निराकरण के बिन्दु पर चर्चा की गई तथा नोटिस तामीली के संबंध में आने वाली समस्याओं को लेकर सुझाव दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत प्रकरणों में दी जाने वाली छुटों के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों/कस्बों तथा घर.घर जाकर कर अवगत कराया जावे तथा उन्हें राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रेरित किया जावे। बैठक में कार्यपालन यंत्री सौरभ साहु, सहायक यंत्री देवानंद मालवीय, कनिष्ठ यंत्री व्हीपी सिंह उपस्थित रहे।

## स्वस्थ लोग, समृद्ध समाज की ओर एक सशक्त कदम ट्राइडेंट ग्रुप का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** ट्राइडेंट ग्रुप की सीएसआर इकाई, ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के अंतर्गत हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल एम्बुलेंस परियोजना की शुरुआत मधुबन अस्पताल के सहयोग से की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को सहज, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसमें ट्राइडेन्ट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मधुबन अस्पताल बुधनी के निदेशक डाक्टर सीए हैरिसन सहित सभी अनुभवी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ,सीएसआर टीम के साथ ही ग्राम पंचायत पीलीकरार के सरपंच, सचिव एवं गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। शनिवार को पीलीकरार गांव में आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 102 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने 52 ग्रामीणों का बीपी,शुगर और हीमोग्लोबिन ( ॥क्क) की जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। गंभीर मामलों के लिए रेफरल और मोबाइल एम्बुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहीं। ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ग्रामीण भारत के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को घर-घर पहुंचाने का संकल्प दोहराता है।

## मुस्लिम भाईयों ने निकाला पाकिस्तान एवं आतंकवाद विरोधी जुलूस




नसरूल्लागंज-भैरूंदा, ईएमएस। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की समूचे भारत में निंदा हो रही है और आतंकवाद के पुतले जलाए जा रहे हैं आज शाम को नगर में भी मुस्लिम भाईयों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए दुर्गा चौक तक जुलूस निकाला एवं आतंकवाद का पुतला दहन किया। सभी ने एक स्वर में इस्लाम धर्म के विरूद्ध किए गए आतंकवादियों के इस कायराना हमले की घोर निन्दा करते हुए नगर में अमन चैन

### खेतों की नरवाई में लगी आग गैस एजेंसी तक पहुंची

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले के बहादुरपुर क्षेत्र में शनिवार दोपहर खेतों की नरवाई में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। गीलारोपा गांव से शुरू हुई आग बहादुरपुर तक पहुंच गई। आग की चपेट में एक गैस एजेंसी भी आ गई, लेकिन स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। गैस एजेंसी संचालक राशिद खान ने बताया कि दोपहर 12 बजे आग लगी। आग को काबू में करने के लिए ट्यूबवेल चलाना जरूरी था। इसके लिए बहादुरपुर के लाइनमैन विनोद जैन से बिजली चालू करने को कहा गया। लेकिन लाइनमैन ने डेढ़ घंटे तक लाइन चालू नहीं की। तहसीलदार अरविंद कुमार जैन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी बिजली चालू करवाने का प्रयास किया। एक घंटे की कोशिश के बाद बिजली आपूर्ति शुरू हुई। इस बीच अशोकनगर से फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई।

### कथा स्थल पर मंत्रोच्चार के साथ हुआ भूमिपूजन- ध्वजारोहण, लगेगा वातानुकुलित डोम

# 5 से 11 मई तक टेमला में स्वर्ण जयंती महोत्सव के निमित्त बहेगी श्रीकृष्ण भक्ति की बयार

**खरगोन, ईएमएस।** समीपी ग्राम टेमला में आगामी 5 से 11 मई तक आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा निमित्त शनिवार को कथा स्थल का मंत्रोच्चार, विधिविधान से भूमिपूजन-ध्वजारोहण हुआ। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन समिति पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की मौजुदगी में उक्त भूमिपूजन किया। विधायक पाटीदार ने बताया कि प्रख्यात कथावाचक श्याम सुंदर पाराशर श्रोताओं को 5 से 11 मई तक श्रीमद् भगवत कथा का रसपान कराएंगे, इस दौरान रात्रि में होने वाली रासलीला में भी श्रीकृष्ण भक्ति की बयार बहेगी।

इसी के निमित्त भूमिपूजन, ध्वजारोहण, कलश पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। भूमिपूजन के बाद विधायक पाटीदार ने उपस्थित समिति पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि हमको नर और नारायण की सेवा का अवसर मिल रहा है। आयोजन को दिव्य और भव्य बनाना हम सब की जिम्मेदारी है, इसलिए जिसे जो जिम्मेदारी दी है वह उसे तन्मयता से निभाए। इस आयोजन को लेकर न केवल ग्राम में बल्कि आसपास के गांव और खरगोन शहर में भी उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में श्रोता आने वाले है, जिससे हमें भगवान की सेवा के साथ ही उनके भक्तों की सेवा का भी अवसर मिल रहा है।



**मना रहा संकीर्तन स्वर्ण जयंती महोत्सव**

विधायक ने बताया उक्त धार्मिक आयोजन 1975 में स्व. शिक्षक छगनलाल जोशी के गुरु संत कृष्णदास महाराज की प्रेरणा से शुरु किए गए मासिक संकीर्तन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस वर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा पर संकीर्तन के 50 वर्ष पूर्ण हो रहे है। इसी के चलते पिछले एक वर्ष से महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसका समापन वृहद स्तर पर करने का निर्णय लिया गया था।

**18 एकड़ रकबे में लगेगा वातानुकुलित डोम :** समिति के प्रचार- प्रमुख राम्या पाटीदार ने बताया कि कथा के लिए करीब 18 एकड़ रकबे का समतलीकरण किया गया है। भूमिपूजन के बाद यहां गर्मी से बचाव के लिए वातानुकुलित डोम लगाए जाने की प्रक्रिया शुरु होगी साथ ही कदम- कदम पर श्रोताओं के लिए शीतल जल व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर भगवान पताकाएं भी लगाई है जो स्थल की शोभा बढ़ा रहे है। भूमि पूजन के बाद स्थल पर डोम, लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। पंडाल में 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। दूर . दराज से आने वाले श्रोताओं के लिए ठहरने की व्यवस्था भी होगी।

### जिला अस्पतालों में उपलब्ध होंगे शव वाहन : मुख्यमंत्री

**भोपाल(ईएमएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऐसे भाई-बहन जो पारिवारिक सदस्य की मृत्यु के बाद शव को घर ले जाने में असमर्थ है, उन सभी के लिए राज्य सरकार शव वाहन से पार्थिव देह घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। शुरुआत में यह व्यवस्था जिला स्तर पर लागू की जा रही है, जिसे बाद में विकासखण्ड और तहसील तक विस्तार मिलेगा।



### भोपाल में बनेगा मप्र का पहला निजी डाटा सेंटर

**भोपाल,ईएमएस।** मप्र का पहला निजी डाटा सेंटर भोपाल के आईटी पार्क में बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अप्रैल को इंदौर में होने वाले टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन वर्चुअली करेंगे। यह सेंटर एशिया की सबसे बड़ी रेटेड-4 डाटा सेंटर कंपनी कंट्रोल एस द्वारा 500 करोड़ रुपए के निवेश से बनाया जाएगा। इससे 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकार ने कंपनी को डाटा सेंटर के लिए 5 एकड़ जमीन आवंटित की है। पूरा प्रोजेक्ट 12 मेगावाट की क्षमता पर काम करेगा।



▸ विधायक प्रदीप पटेल को लेकर भाजपा सख्त

# प्रदेश भाजपा दफ्तर किए गए तलब इधर सागर महापौर को नोटिस जारी

**भोपाल,ईएमएस।**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पार्टी नेताओं के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक की शुरुआत मऊगंज के भाजपा विधायक प्रदीप पटेल के मुद्दे से हुई, जो अपनी गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय पुलिस थाने पहुंचे थे। वहीं भाजपा संगठन ने अनुशासन हीनता के चलते सागर महापौर संगीता तिवारी को नोटिस जारी किया है। दरअसल, विधायक प्रदीप पटेल ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी उनकी गिरफ्तारी की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले ने पार्टी में हलचल पैदा कर दी, जिसके चलते उन्हें भाजपा प्रदेश दफ्तर तलब किया गया। बैठक में फटकार के बाद प्रदीप पटेल ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है। विधायकों को सेल्यूट वाले फैसले को उन्होंने अच्छा बताया।

## बैठक में इन विषयों पर हुई चर्चा

बैठक में विधायकों के बिगड़ते बोल और स्थानीय मामलों को लेकर अनियमितताओं पर चर्चा की गई। विधायकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने का निर्णय लिया गया, ताकि वे संगठन के प्रति अपनी




जिम्मेदारियों को समझें। कई अन्य विधायकों, जैसे प्रीतम लोधी और विजयपाल सिंह को भी इस बैठक में तलब किया गया, जिन्होंने पुलिस कार्रवाई और स्थानीय मुद्दों को लेकर सवाल उठाए थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरण शर्मा को भी बुलाने की खबर है, जिन्होंने कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठाए थे। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्य पद्धति का ऑर्गेनाइजेशन है। जनप्रतिनिधि हो या पदाधिकारी हो, समय-समय पर जब कोई ऐसी बात होती है, तो हम उनसे बातचीत करते हैं। आज दोनों विधायक और मेयर को बुलाया था उनसे बातचीत हुई है। प्रदीप पटेल हमारे विधायक हैं, वरिष्ठ नेता हैं। प्रीतम लोधी बाहर थे, जिसके कारण नहीं आ पाए। उनसे शाम में बात होगी।

## लव जिहादियों को छांट-छांट के निकलेंगे

धर्म परिवर्तन वाले गैंग के मामले पर उन्होंने कहा कि पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है, उसकी गहराई तक जाएंगे। लव जिहादियों को छांट-छांट के निकलेंगे। सीएम ने चर्चा की गई है उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अनुशासनहीनता नहीं होगी बर्दाश्त

वीडी शर्मा ने कहा कि देवास की महापौर से भी बातचीत हुई है। सागर की मेयर को भारतीय जनता पार्टी नोटिस दिया है। पद्धति के अनुसार बातचीत कर रहे हैं। अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे कोई भी हो अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी। सांसद-विधायकों को सैल्यूट करने वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि हम कानून के बल पर सम्मान नहीं चाहते। सांसद, विधायक कर्तव्य और व्यक्ति त्व से सम्मान पाते हैं। हर व्यक्ति को उनके व्यक्ति त्व के आधार पर सम्मान मिलता है। पाकिस्तानी नागरिकों भारत से बाहर करने पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ-ढूंढकर बाहर निकल जाएगा। देश में एक भी नहीं बचेगा। पीएम मोदी के साथ देश की जनता खड़ी है।

## राजधानी भोपाल एम्स में 9वां किडनी ट्रांसप्लांट सफल

**बिहार के 24 साल के युवक को मां ने की डोनेट, अब पीडियाट्रिक ट्रांसप्लांट की तैयारी**

**भोपाल,ईएमएस ।** भोपाल एम्स में डेढ़ साल से किडनी की बीमारी से जूझ रहे युवक का 21 अप्रैल को किया गया ट्रांसप्लांट पूरी तरह से सफल रहा। पिछले डेढ़ साल से किडनी रोग से पीड़ित बिहार के 24 वर्षीय युवक को उसकी मां ने अपनी किडनी दी है। युवक को पैरों में सूजन और कमजोरी के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसे किडनी फैलियर की जानकारी मिली और डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट की सलाह दी। एम्स दिल्ली में चार महीने लंबी वेटिंग लिस्ट के चलते मरीज बेहतर विकल्प की तलाश में भोपाल एम्स पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने तुरंत आवश्यक जांचें शुरू की। क्रॉस-मैचिंग में युवक की किडनी उसकी मां से मेल खा गई। मां ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी किडनी दान करने का फैसला किया। 21 अप्रैल को ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया। यह एम्स भोपाल में हुआ नौवां किडनी ट्रांसप्लांट है।

### पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट की तैयारी

एम्स में ऐसे बच्चे भी हैं जिनका पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट होना है। इनमें से एक बच्चे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। डोनर और रिसीवर के बीच मैच होने के बाद ट्रांसप्लांट किया जाएगा। एम्स भोपाल में पहला किडनी ट्रांसप्लांट 22 जनवरी 2024 को हुआ था, जिसमें परिजनों ने किडनी दान की थी। वहीं, ब्रेन डेड मरीज से अंग प्राप्त कर (कैडेवर डोनेशन) पहला ट्रांसप्लांट 8 नवंबर 2024 को किया गया।

डीजीपी के आदेश पर पीसीसी चीफ पटवारी ने वीडियो जारी कर कहा...

## सांसद-विधायक को पुलिसकर्मियों से सैल्यूट कराना लोकतंत्र पर हमला

**भोपाल, ईएमएस ।** कांग्रेस ने प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना के उस आदेश का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को सांसदों और विधायकों को सैल्यूट करने के लिए कहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि पुलिस को जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा जाए न कि सत्ता के घमंड में पुलिस का मनोबल तोड़ने का काम कराया जाए। मोहन सरकार वर्दी को सम्मान और संसाधन दे। पटवारी ने इस आदेश को लोकतंत्र पर हमला और वर्दी का अपमान कहा है। उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि जिस दिन यह आदेश मंजूर किया गया, उसी दिन प्रदेश की वर्दी को राजनीतिक गुलामी में धकेल दिया गया। उन्होंने सरकार से इस तरह का आदेश वापस लेने की मांग की है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि जिस समय राज्य की कानून व्यवस्था रसातल में पहुंच चुकी हो, पुलिस खुद अपराधियों के निशाने पर हो, ऐसे समय में राज्य सरकार पुलिस को न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के प्रतीकों



के सामने झुकने का फरमान सुना रही है। यह आदेश जनतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों और संविधान की आत्मा जनता सर्वोच्च है का भी अपमान है। पटवारी ने कहा कि प्रदेशभर में रेत, शराब, भू-माफिया और ट्रांसपोर्ट सिंडिकेट खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं।

पिछले 6 महीने में पुलिस पर हमले की दर्जनों घटनाएं, थानों पर हमले, जवानों को पीटना, राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों को बचाना जैसी अनेक घटनाओं ने पुलिस की साख पर सवाल खड़े किए हैं। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं, बच्चों और दलितों के खिलाफ अपराध में मध्य प्रदेश टॉप पर है। पटवारी ने भाजपा सरकार के निर्णय से असहमति जताते हुए कहा कि पुलिस का मनोबल पहले ही कमजोर है। वह एक ओर अपराधियों से लड़ रही है, तो दूसरी तरफ भाजपा नेताओं के दबाव से जूझ रही है।

मुख्य सचिव की ब्यूरोक्रेसी पर कसावट

## डिपार्टमेंड हेड को बताना होगा मंथली प्लान

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश मुख्य सचिव यानी राज्य के प्रशासनिक मुखिया अनुराग जैन ने एक बार फिर ब्यूरोक्रेसी पर कसावट शुरू कर दी है। दरअसल, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अपर मुख्य सचिव और मुख्य सचिव से मार्च 2026 तक का रोड मैप मांगा लिया है। ऐसे में अब सभी विभागों के प्रमुखों को बताना होगा कि आखिरकार हर माह क्या करेंगे। मुख्य सचिव ने विभागों से हर महीने क्या और कितना काम करेंगे, इसका भी पूरा प्लान मांगा है। साथ ही पिछले साल क्या किया, उसका भी हिसाब मांगा है। बता दें कि अनुराग जैन ने एक सर्कुलर जारी किया है। जिसमें स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर कमी होती है तो नुकसान भी विभाग प्रमुख के खाते में ही आएगा और नुकसान के जिम्मेदार विभाग प्रमुख होंगे। जारी सर्कुलर के मुताबिक जिन कामों में ढिलाई बरतते थे उसकी भी समय सीमा तय हुई है।

### इन कामों के लिए भी समय सीमा तय

इतना ही नहीं, सर्कुलर में कई अन्य कार्यों की भी समय सीमा तय की गई है। जिसमें सीएम हेल्पलाइन और ई-ऑफिस के कार्य, एक माह में सीपी ग्राम पोर्टल के मामले निपटाने की बात कही गई है। वहीं अब अधिकारियों को 3 माह में कैग की आपत्तियों के जवाब देने होंगे। सर्कुलर के मुताबिक, अधिकारियों को विधानसभा में मंत्री के आश्वासन के बाद तीन महीने में काम पूरा करना होगा।

**प्रधानमंत्री रोजगार मेले में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज,कहा...**

## अब खेती-किसान के अलावा कुछ नहीं दिखता

**भोपाल,ईएमएस ।** भोपाल के समन्वय भवन में शनिवार को प्रधानमंत्री रोजगार मेला आयोजित हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी नौकरियों में चयनित अभ्यार्थियों को वर्चुअली संबोधित किया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम धीरे-धीरे हर गांव और परिवार को गरीबी से मुक्त करेंगे। उन्होंने कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के प्रयासों पर जोर दिया और कहा कि नौकरी वही अच्छी, जो आनंद दे। अब मुझे खेती, गाय और किसान के अलावा कुछ नहीं दिखता। उन्होंने एक कहानी के



जरिए बताया कि रोजगार को देश के विकास से जोडक़र काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले ने युवाओं में नई उम्मीद और आकांक्षा जगाई है। यह मेला देश के नौजवानों को नए अवसर प्रदान कर रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि विकसित भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है।

2047 तक एक पूर्ण विकसित भारत के निर्माण और उसमें हर युवा को रोजगार दिलाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसे कई अभियानों के तहत युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भोपाल में आधे दिन का बंद

**व्यापारियों ने किया प्रदर्शन...हमले में दिवंगत हुए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि**

**भोपाल,ईएमएस ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध मध्यप्रदेश में जारी है। शनिवार को विरोध में भोपाल में आधे दिन के लिए बंद रखा गया है। इंदौर, रायसेन, रतलाम और छतरपुर में भी व्यापारियों ने बंद का समर्थन किया है। बंद से इमरजेंसी मेडिकल सेवा को बाहर रखा गया है। 3 हजार मेडिकल स्टोर्स और थोक दवा दुकानें खुली हैं। दूध की सप्लाई भी प्रभावित नहीं होगी। वहीं, चाय-नाश्ता भी मिल रहा है।

भोपाल में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने बंद का आह्वान किया है, जिसका शहर के व्यापारिक संगठनों ने समर्थन किया है। चेंबर के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने बताया, सभी व्यापारिक संगठनों से सहमति के बाद राजधानी के बाजार शनिवार को आधे दिन बंद रखा। न्यू



मार्केट व्यापारी संरक्षण समिति ने बंद के आह्वान का समर्थन किया। अध्यक्ष सतीश कुमार गंगराड़े समेत पवन वरदानी, प्रदीप कुमार गुप्ता और अजय देवनानी ने बताया कि सभी व्यापारियों की सहमति के बाद बंद रखने का निर्णय लिया। पुराने भोपाल के कारोबारियों ने भी बंद का समर्थन करते हुए दुकानें आधे दिन तक बंद रखने का निर्णय लिया। भोपाल के पुराने शहर स्थित थोक किराना बाजार जनकपुरी, हनुमानगंज और जुमेराती भी बंद रहा।

दोपहर 2 बजे के बाद दुकानें खोली गई। वहीं भोपाल में बंद के बीच दयानिधि सामाजिक संस्था ने आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन रखा गया। समाज के लोगों ने आतंकी की हमले की निंदा की है।

### आपातकालीन सेवाएं चालू रहीं

बंद का उद्देश्य आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाना और हमले का विरोध करना रहा। हालांकि आपातकालीन सेवाओं, दवाइयों और दूध की दुकानों को बंद से छूट दी गई थी। भोपाल के पुराने भोपाल, न्यूमार्केट, 10 नंबर जैसे बाजार आज आधे दिन दोपहर दो बजे तक बंद रहे। लगभग सभी व्यापारिक संगठनों ने बंद को समर्थन दिया। कई स्थानों पर व्यापारिक संगठनों ने हमले में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

नर्सिंग महाघोटाले के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

## मुख्य सचिव को दस्तावेजों के साथ शिकायत सौंपी

**भोपाल,ईएमएस।** मप्र के बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले को लेकर राष्ट्रीय छात्र संगठन ने एक बार फिर सरकार को घेरते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एनएसयूआई मप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मुख्य सचिव, मप्र शासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच, दोषियों के तत्काल निलंबन तथा आपराधिक मुकदमा दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ करने की माँग की गई है। रवि परमार ने ज्ञापन में कहा गया है कि इस घोटाले का पर्दाफाश हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी अब तक सभी दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई है। वर्ष 2024 में तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त द्वारा 110 से अधिक डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। किन्तु वर्तमान आयुक्त श्री तरुण राठी द्वारा केवल 70 व्यक्तियों को ही आरोप पत्र जारी किया गया, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि शेष दोषियों को जानबूझकर बचाया जा रहा है। परमार ने कहा कि गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल की तत्कालीन नर्सिंग प्राचार्य राधिका नायर को शासन द्वारा हटाया गया है, लेकिन जिन अन्य अधिकारियों और स्टाफ को नोटिस जारी हुए थे, जैसे - पूर्व प्राचार्य रोसी शाहुल, डॉ. जितेन्द्र महावर, डॉ. हरिसिंह मकवाना, डॉ. संदीप मर्सकोले, डॉ. वीरेंद्र धुर्वे, एवं नर्सिंग स्टाफ रजनी नायर, प्रियदर्शिनी डेहरिया, दीपिका कुंभारे, राजश्री मालवीय पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

कैमरों की निगरानी में होगी पूछताछ

## लोकायुक्त-ईओडब्ल्यू के पास होगा खुद का लॉकअप और इंटरोगेशन रूम

**भोपाल,ईएमस।** मध्य प्रदेश की जांच एजेंसियां लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, स्टेट सीआईडी या एसटीएफ के पास अब अपना खुद का लॉकअप और इंटरोगेशन रूम होने वाला है। इसको लेकर राज्य के गृह विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। लंबे समय से यह जांच एजेंसियां आरोपियों को हिरासत में रखने और पूछताछ के लिए खुद के लॉकअप और इंटरोगेशन रूम की मांग कर रही थीं, जिसे आखिरकार अब मान लिया गया है। गृह विभाग के सर्कुलर के तहत अब लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, सीआईडी, एसटीएफ, राज्य नारकोटिक्स को




लॉकअप और इंटरोगेशन रूम बनाने की अनुमति है। इसके लिए इन एजेंसियों को अपने कार्यालय में एक कक्ष चिह्नित करना होगा, जहां आरोपी को 5-6 घंटे तक पूछताछ के लिए रखा जा सकेगा। कमरे में एक टेबल होगी, जिस पर एक तरफ आरोपी और दूसरी तरफ जांच अधिकारी होंगे। रूम में एचडी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसका लाइव आउटपुट वरिष्ठ अफसरों के केबिन में दिया जाएगा, जहां से वे पूछताछ को लाइव देख सकेंगे। आरोपी को हिरासत के दौरान यहीं पर खाना भी दिया जाएगा। इन जांच एजेंसियों के वर्तमान में जो संभागीय मुख्यालय हैं।

**लोकायुक्त - ईओडब्ल्यू की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल**

## जांच पूरी होने के बाद भी खोली जा रही रही फाइलें

**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र में लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू की जांच पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। कई बार तो ऐसी स्थिति बन जाती है कि जांच पूरी होने के बाद भी अदालत के हस्तक्षेप से फाइलें खोलनी पड़ती हैं। पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा के विरुद्ध अनुपातहीन संपत्ति का मामला हो या फिर आजीविका मिशन घोटाले के आरोपित ललित मोहन बेलवाल का या दूसरे प्रकरण हो, जांच एजेंसियां लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई पर कई बार सवाल उठते रहे हैं।

लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू की जांच को लेकर विपक्ष सरकार को घेरता रहता है। इसकी वजह है की जांच एजेंसियां छोटे कर्मचारियों पर तो तत्काल कार्रवाई कर देती हैं, लेकिन बड़े अफसरों के मामले दबे रहते हैं। ऐसे ही मामलों को लेकर विपक्ष सडक़ से सदन तक मुद्दे उठाता है। सरकार की घेराबंदी भी होती है, पर कई बड़े मामलों की कार्रवाई में तेजी नहीं दिखती। ऐसे एक नहीं कई उदाहरण हैं, जब आय से अधिक



संपत्ति के मामले में जांच नहीं हुई तो शिकायतकर्ता को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। ताजा मामला पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन का है, जिसमें शिकायतकर्ता पूर्व विधायक किशोर समरोते ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की, तब जांच प्रारंभ हुई।

### जांच पर उठ रही आंच

प्रदेश में ऐसे मामले भी हैं, जब जांच एजेंसी ने पर्याप्त साक्ष्य नहीं होने का हवाला देकर कोर्ट में खात्मा रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी, पर कोर्ट ने रिपोर्ट को अस्वीकार कर दोबारा जांच करने के लिए कहा। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय में नियुक्तियों में गड़बड़ी और अन्य मामलों में पूर्व कुलपति बीके कुठियाला की जांच बंद करने के बाद कोर्ट के निर्देश पर ईओडब्ल्यू को वर्ष 2022 में फाइल फिर खोलनी पड़ी। मामले में कुठियाला सहित विश्वविद्यालय के 19 लोगों को आरोपित बनाया गया था। इसमें नियुक्तियों में गड़बड़ी और आर्थिक अनियमितता का आरोप था। लगभग तीन हजार करोड़ के बहुचर्चित ई-टेंडर घोटाले में ईओडब्ल्यू ने विशेष न्यायालय में वर्ष 2024 में खात्मा रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ बिंदुओं पर नए सिरे से जांच करने के लिए कहा था, जिसकी जांच जारी है। मामला वर्ष 2018 में शिवराज सरकार के समय सामने आया था, जिसमें वर्ष 2019 में कमल नाथ सरकार के समय केस दर्ज हुआ था। ई-टेंडर में छेड़छाड़ कर चहेती फर्मों को लाभ पहुंचाने का आरोप था। तत्कालीन जल संसाधन मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा के निज सहायक वीरेंद्र पांडे और निर्मल अवस्थी भी आरोपित थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः **expressnews.advt@gmail.com** (रजि न. **RNI** 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

### भारत चाहे तो पीसीबी हो जाएगा बर्बाद : रमीज

लाहौर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकितान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और आईसीसी से कहा है कि उसे किसी भी टूर्नामेंट में पाक के साथ एक ग्रुप में न रखे। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रमीज राजा का एक वीडियो आया है।

### इस सत्र में असफल रहे हैं सीएसके के हुड्डा

चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज दीपक हुड्डा इस आईपीएल सत्र में असफल रहे हैं और ऐसे में अब उनकी टीम में जगह खतरे में नजर आ रही है। हुड्डा सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मैच में भी 21 गेंद में 22 रन ही बना पाये। इस दौरान वह केवल एक छक्का और एक चौका लगा पाये।

# आईपीएल में आज होगा दिल्ली और आरसीबी में मुकाबला

## शाम साढ़े 7 बजे शुरु होगा मैच

नई दिल्ली (ईएमएस)।




आईपीएल में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। वहीं आरसीबी की ओर से विराट का लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा। दोनो ही टीमें अंक तालिका में दूसरे ओर तीसरे नंबर पर हैं। ऐसे में दोनो ही जीत की दावेदार मानी जा रही हैं। दोनो के पास ही अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।

दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है, ऐसे में दोनो ही अपनी ओर से जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। फ़िरोज़ शाह कोटला आरसीबी विराट का घरेलू मैदान रहा है और विरोधी टीम में होने के बावजूद उन्हें यहां दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलने की संभावना है। कोहली इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और उनपर सभी की नजरें रहेंगी। वहीं दिज्ली की ओर राहुल ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। अभी भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है लेकिन आईपीएल में विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छे प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय चयन समिति निश्चित तौर पर उनके नाम पर विचार करेगी। वहीं इस मैच में सभी की नजरें आरसीबी के तेज गेंदबजा जोश हेज़लवुड और कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क के प्रदर्शन पर भी रहेंगी। हेज़लवुड टूर्नामेंट में 16 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 19वें ओवर में शानदार प्रदर्शन करके आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं स्टार्क ने भी छोड़ने में पीछे नहीं रहे हैं। उन्होंने भी राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी टीम को जीत दिलाई थी। ऐसे में दोनो के बीच रोमांचक टक्कर होने की संभावना है। स्पिनर के तौर पर दिल्ली के कुलदीप यादव हैं। उन्होंने विरोधी टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है। आठ मैचों में 12 विकेट लेने के अलावा, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 6.50 रन प्रति ओवर की किफायती दर से रन दिए हैं। ऐसे में आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। वहीं सुयश शर्मा ने भी आरसीबी की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक-फ्रेजर मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डुप्लेसिस, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विपराज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार एल, त्रिपुराण विजय, माधव तिवारी, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, यश दयाल, देवदत्त पडिक्कल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लुंगी एनगिडी, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

## आईपीएल में 300 रनों तक पहुंच सकती है कोई टीम : रिंकू

मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रिंकू सिंह का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं इससे केकेआर का प्रदर्शन इस सत्र में कुछ खास नहीं रहा है। वहीं आईपीएल के इस सत्र के पहले ही मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में 285 रनों के साथ ही आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था, जिसके बाद से ही से आंकलन शुरु हो गये थे कि 300 के आंकड़े को काई टीम हासिल कर पायेगी या नहीं। इसी को लेकर जब रिंकू से पूछा गया तो इस क्रिकेटर ने कहा कि आईपीएल अब उस स्तर पर पहुंच चुका है जहां 300 रन बनाये जा सकते हैं। पिछले साल, पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सत्र में सभी टीमें मजबूत हैं और कोई भी 300 रन तक पहुंच सकती है। रिंकू ने कहा मैं आमतौर पर नंबर 5 या 6 पर बल्लेबाजी करता हूं।मैं फिटनेस पर बहुत ध्यान देता हूं क्योंकि आईपीएल में 14 मैच होने के कारण, अपने शरीर को फिट बनाये रखने पर भी ध्यान दिया है। मैं महेन्द्र सिंह धोनी से भी अक्सर बात करता हूं। वह मुझे शांत रहने और मैच की स्थिति के अनुसार खेलने के लिए कहते हैं। जब आप संयमित रहते हैं तो चीजें अपने आप ठीक हो जाती हैं।

# मुम्बई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स में मुकाबला आज

## दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा मैच

वानखेड़े (ईएमएस)। आईपीएल में रविवार को पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में मुम्बई की टीम को अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। शुरुआती सत्र में खराब प्रदर्शन से उबरने हुए मुम्बई तेजी से आगे बढ़ी है और प्लेऑफ के दावेदारों में शामिल हुई है। वहीं सुपर जाइंट्स की टीम भी प्लेऑफ की दावेदार है पर उसे अपने कप्तान ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन से नुकसान हुआ है। मुम्बई की टीम इस मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी जबकि लखनऊ की नजरें शीर्ष-4 में पहुंचने पर रहेंगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। लखनऊ की टीम जीत के अलावा अपने नेट रन रेट को भी बेहतर करना चाहेगी।

लखनऊ के कप्तान ऋषभ ने अभी तक नौ मैचों में 106 रन बनाए हैं और वह बल्लेबाजों की सहायक इस पिच पर बड़े स्कोर बनाना चाहेंगे। मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमक के सामने हालांकि ये आसान नहीं होगा। मुम्बई के पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है। मुंबई की टीम सही समय पर लय मे आयी है। लगातार चार मैच जीत कर वह प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे हो गयी है। मुंबई के मुख्य खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट और यहां तक कि हार्दिक पांड्या सही समय पर फॉर्म में लौट आए हैं और उनसे निपटना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो आक्रामक अर्धशतकों के साथ लय हासिल कर ली है और अब वह विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं।




### लखनऊ की गेंदबाजी शार्दुल ठाकुर और रवि बिश्नोई पर आधारित रहेगी

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं : **मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**लखनऊ सुपर जाइंट्सः** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्क्रम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

## पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार के क्रिकेट संबंध नहीं रखे भारत : गांगुली

कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि पाकिस्तान से क्रिकेट संबंध पूरी तरह से समाप्त कर देने चाहिये। भारतीय टीम पिछले एक दशक से ज्यादा समय से पाक के साथ केवल आईसीसी इवेंट्स या एशिया कप में ही खेलती रही है पर गांगुली का माना है कि भारत को किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से नहीं खेलना चाहिए। गांगुली ने कहा, पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार से संबंध तोड़ना जरुरी है।

## ड्रैग फ्लिक ताइकेमा दे रहे हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी टीम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था।

**फटाफट खबरें**

### मार्च में घरेलू उड़ानों से 1.45 करोड़ यात्रियों ने की यात्रा

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में घरेलू एयरलाइनों के जरिये मार्च 2025 में कुल 1.45 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की, जो एक साल पहले की तुलना में 8.79 प्रतिशत अधिक है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल मार्च में यह आंकड़ा 1.33 करोड़ रहा था। आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने इंडिगो से 93.1 लाख यात्रियों ने सफर किया, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 64 प्रतिशत रही। एयर इंडिया समूह, जिसमें एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस शामिल हैं, से 38.8 लाख यात्रियों ने यात्रा की और उसकी बाजार हिस्सेदारी 26.7 प्रतिशत रही। वहीं अकासा एयर और स्पाइसजेट से क्रमशः 7.2 लाख और 4.8 लाख यात्रियों ने यात्रा की।

### अनंत रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली (ईएमएस)। उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी को एक मई 2025 से पांच वर्षों के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को हुई बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया। अनंत फिलहाल गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कंपनी से जुड़े हैं और उनकी पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति , कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन होगी। ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत अंबानी, अपने भाई-बहनों में रिलायंस में कार्यकारी निदेशक बनने वाले पहले सदस्य हैं। वह मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड, मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड, और जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड एवं रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड के निदेशक मंडल का भी हिस्सा हैं।

लगातार सातवें हफ्ते में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब

नई दिल्ली।



अमेरिकी टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था परेशान है लेकिन भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल, 2025 को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। ये लगातार सातवां हफ्ता है, जब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान देश में सोने के भंडार में भी इजाफा हुआ है। उधर, पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी की खबर है। इसके पहले 11 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) 3.52 अरब डॉलर से बढ़कर 578.49 अरब डॉलर हो गई। डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी फॉरेन करेंसी के मूल्य में बढ़ोतरी या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड रिजर्व 4.57 अरब डॉलर बढ़कर 84.57 अरब डॉलर हो गया। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) में देश का स्पेशल ड्राइंग राइट (एस डी आर) 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया। जबकि आईएमएफ में देश का आरक्षित विदेशी मुद्रा भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.51 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार, भारत के वित्तीय बाजार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील और मजबूत ताकत के रूप में विकसित हुए हैं। विदेशी मुद्रा बाजार 2020 में 32 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2024 में 60 बिलियन डॉलर हो गया है और ओवरनाइट मनी मार्केट में औसत दैनिक वॉल्यूम इस चार साल की अवधि में लगभग 3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 5.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

### अमेरिकी टैरिफ का असर दिखा बेअसर

मुंबई,(ईएमएस)। अमेरिकी टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था परेशान है लेकिन भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल, 2025 को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। ये लगातार सातवां हफ्ता है, जब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान देश में सोने के भंडार में भी इजाफा हुआ है। उधर, पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी की खबर है। इसके पहले 11 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया।

# वित्त वर्ष 2024–25 में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन ने लक्ष्य किया पार

### 22.26 लाख करोड़ रुपए से अधिक का संग्रह

नई दिल्ली (ईएमएस)।




वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अतिम नेट डायरेक्ट टैक्स संग्रह ने निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.57 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22.26 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया है। इस दौरान आयकर विभाग ने अब तक की सर्वाधिक राशि के रिफंड भी जारी किए हैं। जुलाई 2024 में प्रस्तुत बजट के अनुसार सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य 22,07,000 करोड़ रुपए रखा था, जिसे फरवरी 2025 के संशोधित बजट में बढ़ाकर 22,37,000 करोड़ रुपए कर दिया गया था। प्रत्यक्ष कर संग्रह में कॉर्पोरेट कर, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और गैर-कॉर्पोरेट कर श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त राजस्व शामिल है। गैर-कॉर्पोरेट कर श्रेणी में व्यक्तियों, फर्मों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ), स्थानीय निकायों तथा कृत्रिम न्यायिक व्यक्तियों द्वारा भुगतान किए गए कर सम्मिलित हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड समायोजन से पूर्व) 27.02 लाख करोड़ रुपए रहा, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 के 23.37 लाख करोड़ रुपए के संग्रह की तुलना में 15.59 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में शुद्ध कॉर्पोरेट कर संग्रह 9,86,719 करोड़ रुपए रहा, जिसमें 8.30 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। सकल कॉर्पोरेट कर संग्रह 12,72,516 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.41 प्रतिशत अधिक है। वहीं, गैर-कॉर्पोरेट कर श्रेणी में शुद्ध अनंतिम संग्रह 11,82,875 करोड़ रुपए रहा, जो कि पूर्ववर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कर बुआंसी का स्तर 2024-25 में 1.57 रहा, जो पिछले वर्ष के 1.54 के मुकाबले थोड़ा अधिक है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर की तुलना में प्रत्यक्ष कर संग्रह में बेहतर तेजी आई है।

## चोलामंडलम इनवेस्टमेंट बिजनेस में उतरने की तैयारी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी ने मार्च 2025 तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1,058 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। यह मुनाफा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 24 प्रतिशत ज्यादा है। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 853 करोड़ रुपये था। कंपनी ने ऐलान किया है कि वह जल्द ही गोल्ड लोन बिजनेस में भी कदम रखेगी। इस खबर के बाद कंपनी के शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 1,541.20 रुपये पर बंद हुए। मार्च तिमाही में कंपनी की नेट इंटरेस्ट इनकम 30.8 प्रतिशत बढ़कर 2,006.9 करोड़ रुपये रही। इसी अवधि में कुल डिस्बर्समेंट्स 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 24,784 करोड़ रुपये पर पहुंच गए, जो एक साल पहले 21,020 करोड़ रुपये थे। चोलामंडलम का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 31 मार्च 2025 तक 1.53 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जो सालाना आधार पर 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# एलआईसी ओबीसी कर्मचारी का वार्षिक सम्मेलन आज

भोपाल (ईएमएस)।




राजधानी भोपाल में ऑल इंडिया एलआईसी एम्पलाइज ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन मध्य क्षेत्र की कार्यकारिणी की बैठक एवं भोपाल मंडल की प्रथम वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 27.4.2025 दिन रविवार को होटल सिग्नेटिक ब्लू एमपी नगर जोन 2 भोपाल में किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्णा गौर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन होगी द्य विशिष्ट अतिथि योगेंद्र चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया एल आई सी ओबीसी एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन एवं संजीव कुमार प्रादेशिक प्रबंधक सीसी मध्य क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल होंगे मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश गावंडे ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में सभी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति की अपील की गई है।

भोपाल मंडल के इस प्रथम आयोजन को लेकर समस्त पिछड़ा वर्ग कर्मचारी और अधिकारियों में जबरदस्त उत्साह है ,इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अधिकारी एवं कर्मचारी और ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी सम्मिलित हो रहे हैं।

एक्सिस बैंक को चौथी तिमाही में करोड़ों रुपये का लाभ हुआ

# एक्सिस बैंक का शेयर गिरा, आज ही खरीदें

मुंबई,(ईएमएस)।




बाजार विश्लेषकों ने मोटे तौर पर एक्सिस बैंक के शेयरों पर अपना सकारात्मक दृष्टिकोण रखा है। इसका कारण बैंक का मार्च 2025 तिमाही के स्थिर नतीजे हैं। उनका मानना है कि एक्सिस बैंक का शेयर सस्ते भाव पर मिल रहा है, जिससे यह शेयर टिकाऊ धन सृजन के लिए आकर्षक खरीद है।

निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक को चौथी तिमाही दौरान 7,118 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। यह बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले थोड़ा कम है। बैंक की शुद्ध ब्याज आय इस दौरान सालाना आधार पर 5.5 फीसदी की बढ़त के साथ 13,810 करोड़ रुपये रही, जबकि शुद्ध ब्याज मार्जिन क्रमिक रूप से 4 आधार अंकों में सुधार के साथ 3.97 फीसदी रहा। एक्सिस बैंक के कुल अग्रिमों में चौथी तिमाही के दौरान करीब 8 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई जो 31 मार्च 2025 के अंत में 10.41 लाख करोड़ रुपये थी। कुल जमा राशि करीब 10 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ 11.73 लाख करोड़ रुपये रही। कुल जमा में एक्सिस बैंक की चालू खाता - बचत खाता (सीएएसए) जमा बढ़कर 41 फीसदी हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 39 फीसदी थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर मौसमी रूप से कम कृषि एनपीए और कार्ड पोर्टफोलियो में कुछ दबाव घटने के कारण फंसा कर्ज सकल आधार पर तिमाही में घटकर 4,800 करोड़ रुपये या कर्ज का 2 फीसदी रह गया। इसके साथ ही स्वस्थ रिकवरी/अपग्रेड के कारण सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात में तिमाही आधार पर 18 आधार अंकों की गिरावट आई और यह दशक के सबसे निचले स्तर 1.3 फीसदी पर आ गया।

## अगले हफ्ते शेयर बाजार में इन कंपनियों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई,(ईएमएस)। अगले हफ्ते 28 अप्रैल से शुक्रवार 2 मई 2025 के बीच शेयर बाजार में कुछ खास कंपनियों के शेयरों पर निवेशकों की नज़र रहेगी। इन कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को डिविडेंड देने की घोषणा की है। जिन कंपनियों के शेयरों की चर्चा हो रही है, उसमें एचसीएल टेक्नालीज, 360 वन वोम, एबीबी इंडिया, टैनला प्लेटफॉर्म्स, वेसुवियस इंडिया, गुजरात इंट्रक्स, केएसबी, मोल्ड-टेक पैकेजिंग और फोर्ब्स प्रिसिशन टूल्स एंड मशीन पार्ट्स शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक, ये सभी शेयर अगले हफ्ते एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने वाले है। एक्स-डिविडेंड डेट वह तारीख होती है, जब शेयर उस डिविडेंड के हक के बिना ट्रेड करने लगता है। यानी अगर किसी निवेशक को डिविडेंड चाहिए, तब एक्स-डिविडेंड डेट से पहले शेयर खरीदने होगा। कंपनियां रिकॉर्ड डेट के आधार पर यह तय करती हैं कि किन शेयरधारकों को डिविडेंड मिलेगा। इसमें से सबसे ज़्यादा डिविडेंड एबीबी इंडिया ने घोषित किया है। कंपनी ने 33.50 प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड देने का ऐलान किया है, जिसकी रिकॉर्ड डेट 3 मई 2025 तय की गई है।दूसरे नंबर पर एचसीएल तकनीक है, जो कि 18 प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है।

## इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस)। बिकवाली के चलते शनिवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। मसूर में मजबूती रही। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में नारियल बाजार घटाकर बोला गया। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार बिकवाली के चलते शनिवार को चना 50-100 रू. प्रतिक्विंटल की गिरावट के साथ 6000-6050 रू. प्रतिक्विंटल पर आ गया। मसूर में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। सोया व कपास्या तेलों में बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में सोयाबीन 4350 रू. प्रतिक्विंटल पर बने रहे। उधर, किराना जिंसों में नारियल की आवक 4 गाड़ी की रही, जिससे बाजार मंदी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

UDYOG EVAM ROJGAR VARSH 2025
INVEST MADHYA PRADESH — INFINITE POSSIBILITIES —

MPS@DC INFOTECH ENGINE OF M.P.



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



# देश का टेक्नोलॉजी हब बनने की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश





डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के संकल्पों को साकार करता मध्यप्रदेश

शुभारंभ

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा

**27 अप्रैल 2025 । सायं 5:00 बजे**

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर

## अवसरों का प्रदेश मध्यप्रदेश...

### इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियां

- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025
- ड्रोन प्रमोशन एवं यूसेज पॉलिसी 2025
- आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023
- एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025
- सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025

### टेक ईकोसिस्टम

15+ आईटी पार्क | 5 आईटी सेज़ | 2000+ आईटी, आईटीईएस यूनिट | 50+ बड़ी आईटी कंपनियां

1200+ टेक स्टार्ट-अप्स | 200K+ रोज़गार के अवसर | 2 टेक यूनिकॉर्न

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11017/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## फोकस क्षेत्र

- आईटी-आईटीईएस
- एवीजीसी-एक्सआर
- ड्रोन प्रौद्योगिकी
- ईएसडीएम और सेमीकंडक्टर
- डाटा सेंटर
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स



ipcell-mp@mpsedc.com । Website : mpsedc.mp.gov.in । #MPTechGrowthConclave2025 । #TechDestinationMP

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP